इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव








वर्ष- 45 | अंक - 291 | राजनांदगांव, शुक्रवार 11 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


# पुतिन-जिनपिंग के लिए दिल्ली में अभेद्य सुरक्षा घेरा, चार लेयर सिक्योरिटी और हाई अलर्ट पर पूरे रूट

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स सम्मेलन 2026 से पहले दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राजधानी पहुंचने को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने दोनों नेताओं की सुरक्षा के लिए विस्तृत प्लान तैयार किया है। उनके ठहरने वाले होटल, आने-जाने के रास्ते और सम्मेलन स्थल भारत मंडपम के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुतिन के 11 सितंबर को दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है, जबकि शी जिनपिंग 12 सितंबर को राजधानी पहुंच सकते हैं। दोनों नेताओं की यात्रा के दौरान सुरक्षा एजेंसियां उनके पूरे मूवमेंट पर नजर रखेंगी।

### पुतिन के लिए चार लेयर की सुरक्षा

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दिल्ली प्रवास के दौरान मौर्या होटल में चार स्तर का सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। सुरक्षा की पहली और सबसे करीबी परत उनकी अपनी क्लोज प्रोटेक्शन टीम संभालेगी, जो पूरे दौरे के दौरान उनके साथ रहेगी। दूसरी सुरक्षा परत में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। तीसरी परत में दिल्ली पुलिस के कमांडो और अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात रहेंगे।



वहीं, सबसे बाहरी सुरक्षा घेरा स्थानीय पुलिस के जिम्मे होगा। पुतिन के साथ रूस की अलग सुरक्षा टीम भी दिल्ली में रहेगी। उनके आवागमन के दौरान करीब 25 से 30 कमांडो और सुरक्षा कर्मियों के साथ रहने की उम्मीद है।

### जिनपिंग की सुरक्षा भी बेहद कड़ी

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। रूस और चीन की विशेष सुरक्षा टीमें पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। विदेशी नेताओं के ठहरने वाले होटलों में सुरक्षा कई स्तरों पर रखी जाएगी। नेताओं के कमरों के आसपास के क्षेत्रों से लेकर होटल की अलग-अलग मंजिलों, छत और ग्राउंड लेवल तक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को शी जिनपिंग की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विदेशी नेताओं के होटलों की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे, जबकि भारत मंडपम में सुरक्षा की कमान एक वरिष्ठ अधिकारी संभालेंगे।

### दिल्ली को कई सेक्टर में बांटा गया

सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक मैनेजमेंट को बेहतर तरीके से संभालने के लिए दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी को कई सेक्टरों में बांटा है। इन सेक्टरों की जिम्मेदारी डीसीपी और एडिशनल डीसीपी स्तर के अधिकारियों को दी गई है। विदेशी नेताओं के ठहरने वाले होटलों के कर्मचारियों का भी सत्यापन किया गया है। अधिकारियों ने उनके रिकॉर्ड की जांच सिर्फ दिल्ली में ही नहीं, बल्कि उनके संबंधित गृह राज्यों में भी कराई है।

### एयरपोर्ट से भारत मंडपम तक रूट पर खास नजर

विदेशी नेताओं के एयरपोर्ट से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पुनर्निर्माण के लिए चाहिए 4.74 अरब डॉलर, 1,377 मौतें, हजारों अब भी लापता



नई दिल्ली। नेपाल में 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई विनाशकारी बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। सरकार के शुरुआती आकलन के मुताबिक, प्रभावित इलाकों को फिर से खड़ा करने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए करीब 723.315 अरब नेपाली रुपये यानी 4.74 अरब डॉलर की जरूरत होगी। यह अनुमान नेशनल प्लानिंग कमीशन और नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी की संयुक्त तकनीकी टीम की तैयार की गई रैपिड डैमेज एंड नीड्स असेसमेंट (आरडीएनए) रिपोर्ट में सामने आया है। बाढ़ में 1,377 लोगों की मौत हुई है, जबकि गुरुवार सुबह 11 बजे तक 5,130 लोग लापता बताए गए। भोटेकोशी और त्रिशूली नदी के आसपास के इलाकों में सड़कों, पुलों, बिजली परियोजनाओं, घरों और दूसरी जरूरी सुविधाओं को भारी नुकसान पहुंचा है।

### सबसे ज्यादा नुकसान बुनियादी ढांचे को

आरडीएनए रिपोर्ट के अनुसार, कुल अनुमानित जरूरत का सबसे बड़ा हिस्सा बुनियादी ढांचे की मरम्मत और बहाली पर खर्च होगा। इसके लिए करीब 473.572 अरब नेपाली रुपये यानी 3.1 अरब डॉलर की जरूरत का अनुमान है। यह कुल बहाली लागत का लगभग 75 फीसदी है। ऊर्जा क्षेत्र भी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। 759 मेगावाट की कुल क्षमता वाली 13 जलविद्युत परियोजनाएं और 24 मेगावाट क्षमता वाले पांच सौर संयंत्र इसकी चपेट में आए हैं। ऊर्जा और पावर ग्रिड व्यवस्था को दोबारा दुरुस्त करने के लिए करीब 390.623 अरब नेपाली रुपये यानी 2.56 अरब डॉलर की जरूरत बताई गई है। इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन, नेपाल के मुताबिक, भोटेकोशी और त्रिशूली नदी कॉरिडोर में 11 जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े 917 लोग अब भी संपर्क से बाहर हैं। बचाव टीमें यह भी पता लगा रही हैं कि कहीं ये लोग जलविद्युत सुरंगों में तो नहीं फंसे हैं। बाढ़ ने परिवहन व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। करीब 69 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जबकि 33 मोटर योग्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम मोदी की चिनफिंग के साथ होगी खास मुलाकात, 7 साल बाद भारत आ रहें चीनी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। भारत-चीन रिश्तों में उतार-चढ़ाव के बीच सात वर्षों बाद चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 सितंबर को भारत दौरे पर पहुंच रहे हैं। उनका गर्मजोशी से नई दिल्ली में स्वागत की तैयारी है। संकेत है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी 12 सितंबर को ही द्विपक्षीय बैठक होगी और इसे द्विपक्षीय संबंधों में आपसी भरोसे को बढ़ाने में काफी मदद मिलने वाली है।

गुरुवार को चीन के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति शी चिनफिंग 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 12-13 सितंबर को भारत दौरे पर होंगे। राष्ट्रपति चिनफिंग इसके पहले वर्ष 2019 में मामल्लापुरम (चेन्नई) में पीएम मोदी के साथ चर्चा के लिए आए थे। भारत की ओर से जानकारी दी गई है कि चिनफिंग 12 सितंबर को दोपहर से भारत पहुंचेंगे और 13 सितंबर को शिखर सम्मेलन के बाद रवाना हो जाएंगे।



उनके साथ चीन के वरिष्ठ अधिकारियों का एक बड़ा दल भी होगा।

सूत्रों के अनुसार यह दल 2019 की यात्रा की तुलना में काफी बड़ा होगा। दोनों देशों के अधिकारी बता रहे हैं कि सात वर्षों बाद हो रही यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की पूरी कोशिश है। पीएम मोदी और चिनफिंग की द्विपक्षीय बैठक में सीमा विवाद से लेकर कारोबार असंतुलन तक से जुड़े सभी विषय शामिल होंगे। साथ ही ब्रिक्स, एससीओ जैसे बहुपक्षीय संगठनों की भविष्य को लेकर भी चर्चा होगी। वर्ष 2019 में राष्ट्रपति शी के भारत दौरे के कुछ ही महीनों बाद (मई-जून, 2020) में पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना की घुसपैठ के बाद विवाद हो गया। इसके बाद दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। सीमा पर टकराव के बाद भारत ने चीनी कंपनियों पर कई तरह की रोक लगाई और टिक-टाक व अन्य चीनी ऐप्स को प्रतिबंधित कर दिया। जवाब में चीन ने कुछ कच्चे मालों की भारत को आपूर्ति सीमित कर दी। आर्थिक संबंधों में कई टकरावों के बावजूद द्विपक्षीय कारोबार पर खास नहीं हुआ। बाद के वर्षों में चिनफिंग और मोदी के बीच तीन बार मुलाकातें (कजान, तियानजिन और बिश्केक) हुईं, जिनसे संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने में मदद मिली है। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझाने के लिए विशेष बैठक हुई है। अरूणाचल प्रदेश सीमा के दोनों तरफ दो दिनों तक लगातार सैन्य कमांडरों की पिछले दिनों बैठक हुई। एक दिन पहले ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बीजेपी की नई संगठन टीम में बड़े बदलाव : 7 मोर्चों के प्रभारी घोषित

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए विभिन्न राष्ट्रीय मोर्चों के प्रभारियों के नामों का ऐलान कर दिया है। पार्टी की ओर से जारी सूची में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, किसान मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के लिए राष्ट्रीय प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।नए स्थान तलाशें बीजेपी की नई संगठनात्मक टीम में कई वरिष्ठ नेताओं को अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं। पार्टी की ओर से इससे पहले मोर्चों के राष्ट्रीय अध्यक्षों के नामों की भी घोषणा की जा चुकी है। वहीं, राष्ट्रीय संगठन में भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की संगठन में वापसी को इस फेरबदल की प्रमुख वजहों में से एक माना जा रहा है।

### भाजपा ने मोर्चे प्रभारी नियुक्त किया

बीजेपी की ओर से जारी सूची के मुताबिक, अलग-अलग मोर्चों की जिम्मेदारी निम्न नेताओं को सौंपी गई है। जिसमें महिला मोर्चा- डी.



पुरंदेश्वरी, युवा मोर्चा -हरीश द्विवेदी, ओबीसी मोर्चा - वैजयंत पांडा, एससी मोर्चा- संजय भाटिया, एसटी मोर्चा- सतीश पूनिया, किसान मोर्चा - लाल सिंह आर्या, अल्पसंख्यक मोर्चा- गजेंद्र पटेल को नियुक्त किया। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में इन मोर्चों की भूमिका बेहद अहम मानी जाती है। महिला, युवा, किसान, ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक मोर्चे के जरिए बीजेपी अलग-अलग सामाजिक वर्गों के बीच संगठन की पहुंच मजबूत करने की रणनीति पर काम करती है।

मोर्चों के प्रभारियों के अलावा बीजेपी ने विभिन्न संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों की कमान भी तय कर दी है। गुजरात से लोकसभा सांसद डॉ. हेमांग जोशी को युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ नेता रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। अन्य मोर्चों में अमरपाल मौर्य को ओबीसी मोर्चा, शिवेश कुमार राम को अनुसूचित जाति मोर्चा, मन्नालाल रावत को स्र्ज्ञ मोर्चा और कुंवर बासित अली को अल्पसंख्यक मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### चुनावी तैयारियों पर बीजेपी का फोकस

बीजेपी की नई संगठनात्मक नियुक्तियों को आगामी चुनावी तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। अलग-अलग सामाजिक और राजनीतिक वर्गों तक संगठन की पहुंच बढ़ाने में पार्टी के राष्ट्रीय मोर्चों की अहम भूमिका होती है। महिला और युवा मोर्चा से लेकर किसान, ओबीसी, एससी, एसटी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अयोध्या राम मंदिर में सुरक्षा में बड़ी सेंध, आईडी हैक कर बनाए फर्जी वीवीआईपी दर्शन पास, जांच शुरू

प्रयागराज। रामजन्मभूमि मंदिर में काउंटर ऑपरेटरों की कंप्यूटर लॉग-इन आई हैक कर बड़े पैमाने पर फर्जी विशिष्ट दर्शन पास बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मंदिर परिसर के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच के दौरान फर्जी पास पकड़े जाने के बाद इस साइबर सेंधमारी का खुलासा हुआ।

### ऐसे पकड़ा गया फर्जीवाड़ा

प्रवेश द्वार पर चेकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों को एक वीवीआईपी पास पर शक हुआ। सीआरपीएफ ने वायरलेस के जरिए जब पास के रेफरेंस नंबर की पुष्टि की, तो सिस्टम में उसका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। धोखाधड़ी पकड़े जाने के बावजूद सुरक्षाबलों ने श्रद्धालुओं को नहीं रोका और उन्हें सुगमता से रामलला के दर्शन करने दिए। शुरुआती जांच के अनुसार, पास जारी करने वाले ऑपरेटरों की कंप्यूटर लॉग-इन आईडी को हैक कर कई वीवीआईपी और निःशुल्क दर्शन पास बनाए गए थे। सॉफ्टवेयर निर्माण और संचालन करने वाली कंपनी टाटा इंजीनियरिंग कंसलटेंसी (टीईसी) की टीम को जांच सौंपी गई है। टीम लॉग-इन हिस्ट्री खंगाल रही है ताकि सेंधमारी का तरीका पता चल सके।

### राम मंदिर की दर्शन पास व्यवस्था

रोजाना रेफरल के आधार पर 9000 निःशुल्क दर्शन पास जारी किए जाते हैं। सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक, दो-दो घंटे के 6 अलग-अलग स्लॉट (प्रति स्लॉट 1500 पास) में वितरण होता है। इनका कोटा राम मंदिर ट्रस्ट, जिला प्रशासन, पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के लिए तय रहता है। सबसे संवेदनशील 'आरती दर्शन पास' होते हैं, जो सीधे ट्रस्टियों के रेफरेंस पर जारी किए जाते हैं।

### अब मशीनें करेंगी चढ़ावे की गिनती, वेबसाइट पर दिखेगा रोजाना का हिसाब

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में भारतीय वायुसेना के पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बनने के साथ ही राम मंदिर की प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं में बड़े और कड़े बदलाव किए जा रहे हैं। चढ़ावे की गणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित बनाने के लिए अब नकद राशि की गिनती मशीनों से कराई जाएगी और प्रतिदिन आने वाले भक्तों की संख्या व चढ़ावे का पूरा ब्योरा ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा।

# बस्तर की अधूरी सड़कों पर सरकार का एक्शन, 6 ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई, दो का पंजीयन निरस्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सड़क और पुल निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर सरकार ने सख्ती दिखाई है। लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति और अनुबंध के मुताबिक काम पूरा नहीं करने वाले 6 ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनमें कुछ ठेकेदारों के पंजीयन के नवीनीकरण पर रोक लगाई गई है, जबकि दो ठेकेदारों के पंजीयन निरस्त कर दिए गए हैं।विभाग के मुताबिक संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए थे। इसके अलावा अनुबंध की अवधि भी बढ़ाई गई और ठेकेदारों ने काम पूरा करने को लेकर शपथ पत्र भी दिए। इसके बावजूद निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई का फैसला लिया।

### बस्तर की सड़कों पर सरकार का खास फोकस

सरकार ने बस्तर क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों और पुलों की धीमी रफ्तार को लेकर व्यापक समीक्षा की थी। समीक्षा के दौरान ऐसे कई काम सामने आए, जिन्हें समय पर पूरा करने में ठेकेदारों की ओर से पर्याप्त रुचि नहीं दिखाई जा रही थी। सार्वजनिक आवागमन और जनसुविधा से जुड़े इन कार्यों को गंभीरता से लेते हुए अब पंजीयन के खिलाफ कार्रवाई की गई है।लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय ने के. मोहन रेड्डी, मेसर्स शांति विजय कंस्ट्रक्शन, मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा., मेसर्स राघवा कंस्ट्रक्शन, मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेसर्स पंकज हालदार के खिलाफ पंजीयन अ-नवीनीकरण के आदेश जारी किए हैं। विभाग ने के. मोहन रेड्डी और मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा. के पंजीयन निरस्त कर दिए हैं। दोनों के लिए आदेश की तारीख से आगामी 5 वर्षों तक पंजीयन के नवीनीकरण पर रोक रहेगी। वहीं सुकमा जिले के चिंतलनार-मरियागुड़म और कोंटा-गोलापल्ली मार्ग का काम कर रही मेसर्स राघवा कंस्ट्रक्शन के पंजीयन का 5 वर्षों तक नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग का काम कर रही मेसर्स शांति विजय कंस्ट्रक्शन पर भी 5 साल की रोक लगाई गई है।

# आईआरसीटीसी होटल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू, राबड़ी और तेजस्वी यादव पर आरोप तय



पटना। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी होटल घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने की अदालत ने यह फैसला सुनाया। लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया है।

आईआरसीटीसी के होटलों के टेंडर आवंटन में हुई कथित हेराफेरी और मनी लॉन्ड्रिंग के बहुचर्चित मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार की कानूनी मुश्किलें बढ़ गई हैं। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय करने का फैसला सुनाया।

### होटल टेंडर के बदले बेनामी संपत्ति लेने का गंभीर आरोप

प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच के अनुसार, वर्ष 2004 से 2009 के दौरान जब लालू प्रसाद यादव केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे, तब रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी के दो रेलवे होटलों के रखरखाव और संचालन का ठेका 'सुजाता होटल्स' नाम की निजी कंपनी को दिया गया था। आरोप है कि इस टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली की गई और इसके एवज में लालू यादव के परिवार को बाजार मूल्य से बेहद कम दरों पर बेशकीमती जमीनें व कंपनियों के शेयर ट्रांसफर किए गए। अदालत ने केवल लालू परिवार ही नहीं, बल्कि उनकी पारिवारिक कंपनी 'लारा प्रोजेक्ट्स' के साथ-साथ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जनकल्याण और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बने 'सेवा संकल्प अभियान' - सीएम विष्णु देव साय

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला 'सेवा संकल्प अभियान' जनकल्याण और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बने। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम के केंद्र में आम नागरिक और उसकी जरूरतें होनी चाहिए। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के करीब पहुंचाने और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।



- मुख्यमंत्री ने कहा- अभियान से आम नागरिक को मिले प्रत्यक्ष लाभ
- सेवा सेतु शिविरों में योजनाओं का मिलेगा त्वरित लाभ, समस्याओं का होगा मौके पर निराकरण
- रोजगार मेलों को अभियान से जोड़कर युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिला कलेक्टरों से अभियान की तैयारियों की नियमित समीक्षा करने और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्यक्रमों को सुनियोजित ढंग से संपन्न कराने को कहा। उन्होंने कार्यक्रमों की पूर्व सूचना आम नागरिकों तक पहुंचाने और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सेवा सेतु शिविरों में पात्र हितग्राहियों को मौके पर मिलेगा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने 'सेवा सेतु' अभियान को जनकल्याण की दृष्टि से प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। अभियान के अंतर्गत चयनित गांवों में स्वास्थ्य शिविर के साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर योजनाओं से जोड़ा जाएगा और उनकी समस्याओं का यथासंभव मौके पर निराकरण किया जाएगा। शिविर स्थलों पर आवेदन प्राप्त करने के लिए काउंटर स्थापित किए जाएंगे। प्राप्त आवेदनों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम साय का निर्देश : जोखिमपूर्ण भवनों की जांच कराएं, लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी, अवैध शराब के खिलाफ चलाएं अभियान

रायपुर (दावा)। विद्यार्थियों और नागरिकों के जीवन की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन की जिम्मेदारी केवल किसी घटना के बाद कार्रवाई करने तक सीमित नहीं है, बल्कि संभावित खतरों की पहले से पहचान कर उन्हें दूर करना भी हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### कमियां मिलें तो सुधार सुनिश्चित कराएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों में हॉस्टल, पीजी, कोचिंग सेंटर, स्कूल तथा बड़े शैक्षणिक भवनों का तत्काल निरीक्षण एवं



सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी सुरक्षा संबंधी कमियां सामने आएं, वहां समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में स्वयं इसकी नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि शासन के निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर दिखाई दे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूलों, पुस्तकालयों, छात्रावासों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित पुराने एवं जर्जर भवनों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे भवन, जिनकी स्थिति जोखिमपूर्ण है अथवा जिनसे किसी प्रकार की जनहानि की आशंका हो सकती है, उनकी पहचान कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रशासनिक व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान हो और दुर्घटना की आशंका को पहले ही समाप्त कर दिया जाए। विशेष रूप से बच्चों और विद्यार्थियों से जुड़े संस्थानों में सुरक्षा मानकों के पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### लापरवाही पर तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा उदासीनता सामने आने पर संबंधित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### भव्य बने भाजयुमो उत्तर मंडल के मंत्री



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के शहर उत्तर मंडल की कार्यकारिणी में सक्रिय युवा कार्यकर्ता भव्य देवांगन को मंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति से देवांगन समाज सहित स्थानीय युवाओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष चिंटू सोनकर एवं मंडल अध्यक्ष सुमीत भाटिया के अनुमोदनोपरांत मोर्चा के उत्तर मंडल अध्यक्ष आदित्य पराते द्वारा जारी कार्यकारिणी सूची में भव्य देवांगन को मंत्री मनोनीत किया गया है। मंडल द्वारा घोषित सात मंत्रियों की सूची में उनका नाम प्रमुखता से शामिल है। उल्लेखनीय है कि भव्य देवांगन सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे वर्तमान में छात्र युवा मंच के शहर अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं। साथ ही हिंदू जागरण मंच में राजनांदगांव खंड के युवा आयाम प्रमुख के पद पर भी सेवाएं दे रहे हैं।

### पशुवध गृह व मटन मार्केट 14 को बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में 14 सितंबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त जी.आर.मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे।

### टी. हर्षिता राव का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। सेंट विंसेंट पल्लोटी इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, डोंगरगढ़ के शिक्षक टी. श्रीनिवास राव की 14 वर्षीय पुत्री टी. हर्षिता राव का आकस्मिक निधन भिलाई में हो गया। पारिवारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंत्येष्टि का कार्यक्रम 10 सितंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### श्रीमती कमला देवी गुप्ता का निधन



बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार के प्रसिद्ध व्यावसायी वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र गुप्ता के माता का 85 वर्ष की आयु में आज आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र जितेंद्र कुमार, बिरेन्द्र कुमार, हरिओम व दो पुत्री और नाती/पोती सहित भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम निज निवास बांधाबाजार के मुक्तिधाम में किया गया।

### श्रीमती यशोदा बाई जाम्भुलकर



डोंगरगढ़ (दावा)। कालका पारा वार्ड नं 10 निवासी श्रीमती यशोदा बाई जाम्भुलकर का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह अशोक जाम्भुलकर, किशोर जाम्भुलकर, नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप जाम्भुलकर, राजकुमार जाम्भुलकर, दिलीप जाम्भुलकर की माताजी थी। जो गत रात्रि 10.44 बजे को तथागत गौतम बुद्ध जी के शरण मे विलीन हो गयी। इनकी शव यात्रा इनके निवास स्थान से दोपहर 1.30 बजे छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली गई।

# सेवा संकल्प अभियान केवल औपचारिकता न बने, जनभागीदारी और सेवा का बने माध्यम - गजेन्द्र यादव

**राजनांदगांव (दावा)।** स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने न्यू सर्किट हाउस में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले माहव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में प्रस्तावित गतिविधियों एवं कार्ययोजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सेवा संकल्प अभियान महज औपचारिक आयोजन बनकर न रहे, बल्कि यह जनभागीदारी और सेवा भावना का एक व्यापक जन-अभियान बने। उन्होंने बताया कि अभियान का आगाज 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगा। इसके तहत जिले की चयनित 25 ग्राम पंचायतों के अलावा राजनांदगांव के रानी सागर तालाब में लगभग एक लाख तथा डोंगरगढ़ में 25 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने इस आयोजन में महिला स्व-सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।



**न्यू सर्किट हाउस में तैयारियों को लेकर ली बैठक, रानी सागर में 1 लाख और डोंगरगढ़ में 25 हजार जलेंगे दीप**

### एआई, तकनीक और विकास यात्रा से जुड़ेंगे स्कूली बच्चे

प्रभारी मंत्री ने 'मेरे सपनों का भारत' चित्र व निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य के साथ छत्तीसगढ़ व राजनांदगांव की विकास यात्रा, उपलब्धियों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व तकनीक जैसे आधुनिक विषयों से जोड़ने के निर्देश दिए। वहीं 'नमो सेवा अनकही कहानियां' के जरिए योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की प्रेरक गाथाएं सामने लाने और स्कूलों में उपलब्ध स्मार्ट क्लास व एलईडी सुविधाओं का उपयोग करने पर बल दिया।

### आंगन मिलन, सेवा सेतु और स्वच्छता पर जोर

श्री यादव ने 'आंगन मिलन सेवा' को पोषण, स्वास्थ्य व संस्कार जागरूकता से जोड़ने के निर्देश देते हुए गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर परिचर्चा आयोजित करने को कहा। उन्होंने स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, श्रमदान तथा जल संरक्षण को अभियान की प्राथमिकता बनाने की बात कही। 'सेवा सेतु अभियान' के तहत लंबित व पात्र प्रकरणों का पहले से निराकरण कर शिविर में हितग्राहियों को सीधा लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का अंतिम ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। बैठक में महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, आईजी अजय कुमार यादव, एसपी अंकिता शर्मा, जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेश पंडालों और विसर्जन झांकियों में अग्निशामक यंत्र लगाना अनिवार्य

**शॉर्ट सर्किट से आगजनी की आशंका के मद्देनजर अग्निशमन विभाग ने जारी किए सुरक्षा निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को सुरक्षित एवं निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने जिले भर की गणेश उत्सव समितियों के लिए आवश्यक सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सभी पूजा पंडालों और विसर्जन झांकियों में आगजनी की संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने के आदेश दिए गए हैं।

विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि गणेशोत्सव के दौरान पंडालों और झांकियों की भव्य साज-सज्जा हेतु भारी मात्रा में विद्युत उपकरणों और रोशनी का उपयोग किया जाता है। ऐसे में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का जोखिम अत्यधिक बढ़ जाता है। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन विभाग ने कड़े मानक तय किए हैं। जिसमें प्रत्येक सामान्य गणेश पंडाल में कम से कम 1 नग (4 किलोग्राम क्षमता वाला) फायर एक्सटिंग्यूशर (अग्निशामक यंत्र) स्थापित करना अनिवार्य होगा। स्थल सजावट व चलित झांकियों में अनिवार्य रूप से 2 नग अग्निशामक यंत्र चालू हालत में रखने होंगे। अग्निशमन विभाग ने सभी उत्सव समितियों और आयोजकों से अपील की है कि वे इन सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके और पर्व का उल्लास सुरक्षित माहौल में बना रहे।

# जर्जर मकानों के सर्वे के लिए आयुक्त ने गठित की टीम, वार्डवार किया जा रहा चिन्हांकन

राजनांदगांव (दावा)। वर्षा ऋतु के दौरान जर्जर एवं पुराने भवनों के ढहने से होने वाले हादसों को रोकने के लिए नगर पालिक निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। शासन के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में स्थित खतरनाक व जर्जर भवनों का सर्वे करने हेतु नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने विशेष टीम गठित कर अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। आयुक्त के निर्देशानुसार सभी उप अभियंता अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों में निगम पटवारी के सहयोग से जर्जर मकानों का वार्डवार सर्वे कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 309 के तहत यह सर्वे अभियान विगत दो दिनों से लगातार युद्धस्तर पर जारी है।



### खतरनाक भवनों की तैयार हो रही सूची, थमाए जाएंगे नोटिस

उप अभियंताओं द्वारा अपने क्षेत्रों के पुराने व कमजोर भवनों का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपी जा रही है। जिसके आधार पर एक विस्तृत सूची तैयार की जा रही है। सर्वे में आम जनता की सुरक्षा के लिए खतरे का सबब बने भवनों को प्राथमिकता से चिन्हांकित किया जा रहा है। सूची फाइनल होते ही संबंधित भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर विधिसम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सर्वे टीम द्वारा भवन मालिकों को मकान की तत्काल मरम्मत कराने, उसे डिस्मेंटल (धराशायी) करने अथवा खाली करने की समझाइश दी जा रही है। अधिकारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि जर्जर स्थिति के बावजूद यदि भवन को दुरुस्त या हटाया नहीं जाता है और भविष्य में कोई अप्रिय घटना, जनहानि या संपत्ति का नुकसान होता है, तो इसकी सम्पूर्ण वैधानिक और आर्थिक जिम्मेदारी संबंधित भवन मालिक की होगी। सर्वे अभियान के दौरान शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों एवं घनी आबादी वाले मोहल्लों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां जर्जर भवनों के गिरने से व्यापक नुकसान का खतरा अधिक रहता है।

### शासकीय जर्जर भवनों को भी गिराने की तैयारी

निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि शासकीय विभागों के जर्जर भवनों की मरम्मत या उन्हें ध्वस्त करने के लिए संबंधित विभागों को पत्र भेजे जा रहे हैं। पूर्व में भी कई विभागों को पत्र जारी किए जा चुके हैं। निगम प्रशासन स्वयं अपने पुराने व अनुपयोगी जर्जर भवनों को डिस्मेंटल कराने की प्रक्रिया कर रहा है। साथ ही पुराने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्सों का जीर्णोद्धार भी कराया जा रहा है। नगर निगम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई अति-जर्जर व खतरनाक भवन स्थित हो, तो उसकी सूचना तत्काल निगम कार्यालय में दें ताकि समय रहते अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं.-00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600232

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति-बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कमलादेवी तिवारी पिता/पति-स्व. रामकृष्ण तिवारी पता-महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदिका सुमित्रा बाई पति-जीवन लाल जाति-हल्बा निवासी ग्राम तेलगांन मकान नं. 00, वार्ड नं.11, तह. छुरिया जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)। पिन नं. 491558 की निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर दीपिका तारम Fdeepika Taram अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान दीपिका DEEPIKA अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में दीपिका तारम Fdeepika Taram अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर दीपिका DEEPIKA अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-09/09/2026

आवेदक
सुमित्रा बाई
निवासी ग्राम- तेलगांन
तह. छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

---

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक नरेन्द्र पिता-गुवाल जाति-तेली निवासी ग्राम-गोलपहाड़ी, जैन मंदिर के पास, पो.-टाटानगर, पूर्व सिंहभूमि, झारखण्ड पिन नं. - 831002 की निवासी हूं। जो कि मेरे नाम से ग्राम बहोरनभेड़ी, तह. अं.चौकी प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. आतरगांव जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी में स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है। उक्त भूमि में नाम के स्थान पर नरेन्द्र NARENDRA पिता गुवाल GUWAL अंकित है। उक्त नाम सही है। परन्तु मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में नाम के स्थान पर नरेन साहू Naren Sahu पिता- सुमेरी साहू Sumeri Sahu अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। इसलिए आधार कार्ड में नरेन साहू Naren Sahu पिता सुमेरी साहू Sumeri Sahu अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर नरेन्द्र NARENDRA पिता गुवाल GUWAL अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान: अं. चौकी, दिनांक:-08/09/2026

आवेदक
नरेन्द्र
कास्तकार ग्राम- बहोरनभेड़ी
तह.-अं.चौकी, जिला- मो.मा., अं.चौकी (छ.ग.)

---

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक अजब सिंह पिता मन्नूराम जाति-गोंड निवासी ग्राम कुसुमकसा मकान नं. 56, वार्ड नं 03, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 की निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर रागनी Ragni अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान रागिनी RAGINI अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में रागनी Ragni अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर रागिनी RAGINI अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान:-अं. चौकी
दिनांक:-08/09/2026

आवेदक
अजब सिंह
निवासी ग्राम- कुसुमकसा
तह. अं.चौकी, जिला-मो.मा.,अं. चौकी(छ.ग.)

---

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कांति लाल (KANTI LAL) पिता स्व. अमर सिंह राठौर (Late AMAR SINGH RATHOR) निवास स्थान वार्ड नंबर 08 शंकरपुर रोड, राठौर ट्रेडर्स, स्टेशन पारा, राजनांदगांव (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम कांतिलाल राठौर (KANTILAL RATHOR) रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम कांतिलाल राठौर (KANTILAL RATHOR) पिता स्व. अमर सिंह राठौर (Late AMAR SINGH RATHOR) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
कांतिलाल राठौर वार्ड नंबर 08 शंकरपुर रोड,
राठौर ट्रेडर्स, स्टेशन पारा,
राजनांदगांव
(छ.ग.) पिन-491441

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं.- 00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600231

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति-बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता हेमंत तिवारी एचयूएफ कर्ता हेमंत तिवारी पिता/पति-स्व. रामकृष्ण तिवारी पता- महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं.- 00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600227

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति-बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेश तिवारी कर्ता राजेश तिवारी एचयूएफ पिता/पति-स्व. रामकृष्ण तिवारी पता-महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील-राजनांदगांव प.ह.नं.- 00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600229

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति-बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रांजलि तिवारी पिता/पति-राजेश तिवारी पता-महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जायेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं.- 00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600230

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति-बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हेमंत तिवारी पिता/पति- स्व. रामकृष्ण तिवारी पता-महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पर्दमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं.- 00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600226

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति-बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पद्मांशु तिवारी पिता/ पति-राजेश तिवारी पता-महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. - 00039, चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600223

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति- बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेश तिवारी पिता/ पति-स्व.रामकृष्ण तिवारी पता-जुनवानी रोड भिलाई के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. - 00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600224

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति- बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता संध्या तिवारी पिता/ पति-हेमंत तिवारी पता-महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.नं. - 00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CT202526420536600225

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं. 00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी रामकृष्ण तिवारी पिता/पति- बंशीलाल रामकिशन तिवारी पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 502/167 (0.2470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सुनीता तिवारी पिता/पति-राजेश तिवारी पता- महेश नगर बसंतपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : PYARELAL NAG
तहसील, राजनांदगांव

---

**शुभांक**

बी. के.
3-4-9
579-1 113-5
राजधानी
2-5-8
112-4 779-3

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक 1595/लो.नि.शा./निविदा/न.पा.प./2026 डोंगरगाँव, दिनांक 07/09/2026

**मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निकाय क्षेत्रांतर्गत 1 विभिन्न निर्माण कार्य संख्या 01 लागत राशि **1.60** लाख रुपये हेतु दिनाँक **30/09/2026** को कार्यालयीन अवधि समय **3:00** बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा प्रपत्र ''ए'' में प्रचलित लोक निर्माण विभाग पीएचई एस.ओ.आर. **1.06.2020** एवं **01.07.2023-24** प्रभावशील दर अनुसूची से निविदायें प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। एक लिफाफे में टेंडर दर। दूसरे में स्व-प्रमाणित समस्त दस्तावेज एवं अमानत राशि का एफ.डी.आर. तथा तीसरे लिफाफे में इन दोनों लिफाफों को भरकर इसके उपर कार्य का नाम, पाने वाले का नाम तथा प्रेषक का पूर्ण नाम/पता लिख कर जमा करना होगा।

| | |
|---|---|
| 1 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय | - 21/09/2026 को शाम 04:00 बजे तक |
| 2 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय | - 24/09/2026 को शाम 04:00 बजे तक |
| 3 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | - 30/09/2026 को दोप. 03:00 बजे तक |
| 4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | -30/09/2026 को दोप. 03:30 बजे के बाद |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

**''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, डोंगरगांव
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

---

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

phone-07744-299703 email-eeraj-phe-cg@.nic.in

निविदा क्र. 34/निविदा प्रकोष्ठ/का.अ./लो.स्वा.यां. खण्ड/2026 राजनांदगांव, दिनांक 09.09.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**


छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र अ में जिला खनिज संस्थान न्यास मद अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विकासखंड राजनांदगांव के सिविल जज कालोनी में 15 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. ग्राउंड सर्विस रिसरवायर टंकी/सम्पवेल निर्माण एवं मोनो ब्लॉक पंप समस्त स्पेसल्स सहित प्रदाय कर स्थापना का कार्य आदि, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, संचालन एवं संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित) हेतु मुहरबंद निविदा आंमत्रित की जाती है।

निविदा की अनुमानित लागत रू. 3.14 लाख है, निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खंड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.09.2026 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी- 262703225/3

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
राजनांदगांव (छ.ग.)



# उत्कृष्ट स्वच्छता और अनुशासन का संदेश देने वाले टॉप 3 स्वच्छ पंडालों को जिला प्रशासन करेगा पुरस्कृत



**○ गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने समिति पदाधिकारियों से सहयोग की अपील**
**○ गणेश विसर्जन झांकी के संबंध में गणेशोत्सव समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न**

राजनांदगांव (दावा)। गणेशोत्सव के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के संबंध में आज जिला प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने समितियों से समन्वय बनाकर उत्सव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की अपील की। इस दौरान विद्युत विभाग द्वारा गणेश विसर्जन मार्ग में विद्युत तारों एवं पोल की व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही नगर निगम द्वारा प्रत्येक पंडाल की सफाई के लिए डेडिकेटेड टीम नियुक्त करने की बात कही गई।

पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव ने कहा कि गणेशोत्सव हर्ष और उल्लास का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी अप्रिय घटना को होने से पहले रोकना अधिक महत्वपूर्ण है और इसमें गणेशोत्सव समितियों की भूमिका सबसे अहम है। समितियां अपने स्तर पर अनुशासन और आत्मनियंत्रण बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करें। विसर्जन के दौरान स्वयंसेवकों की अलग टीम बनाई जाए, जो समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के बीच समन्वय बनाए रखते हुए भीड़ को नियंत्रित करे। उन्होंने समितियों से अपील की कि विसर्जन में शामिल स्वयंसेवक नशे की हालत में न हों तथा पूरी तरह जिम्मेदार एवं अनुशासित हो। पुलिस महानिरीक्षक ने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में निर्धारित समय एवं ध्वनि सीमा का पालन करने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध है। उन्होंने उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने समितियों से अपील की कि किसी आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह को बिना सत्यापन के आगे प्रसारित न करें तथा ऐसी सामग्री की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। धार्मिक भावनाओं एवं सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने कहा। पंडाल एवं स्टॉल ऐसे स्थान पर लगाए जाएं जिससे एम्बुलेंस सहित आवश्यक सेवाओं के वाहनों के आवागमन में बाधा न आए। मार्ग को लेकर किसी प्रकार की समस्या होने पर समिति प्रशासन एवं पुलिस से समन्वय स्थापित करे। उन्होंने सड़क पर घूमने वाले पशुओं के प्रबंधन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। साथ ही आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए बड़े पंडालों में आवश्यक अग्निशमन उपकरण रखने की अपील की।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान विद्युत सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता एवं विसर्जन व्यवस्था को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंडालों के आसपास ऐसी व्यवस्था हो कि आपातकालीन वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने समितियों से आग्रह किया कि किसी भी समस्या अथवा विवाद की स्थिति में तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। कलेक्टर ने चिकित्सा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दवाइयों एवं सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी घटना का कारण बन सकती है, इसलिए सभी समितियां सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने गणेश पंडालों को प्लास्टिक मुक्त रखने की अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कागज अथवा पुन- उपयोग किए जा सकने वाले विकल्पों को अपनाया जाए। उन्होंने प्लास्टिक कचरे से नालियों के जाम होने तथा लंबे समय तक उसके नष्ट न होने की समस्या का उल्लेख करते हुए समितियों से स्वच्छता के प्रति जागरूकता दिखाने कहा। उन्होंने कहा कि उत्सव की सुंदरता के साथ स्वच्छता बनाए रखना भी सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए उत्कृष्ट एवं सकारात्मक पहल की घोषणा की गई है। नगर निगम द्वारा प्रत्येक पंडाल के लिए सफाई व्यवस्था हेतु डेडिकेटेड टीम नियुक्त की जाएगी। उत्सव के समापन के बाद सबसे स्वच्छ एवं बेहतर कचरा निस्तारण व्यवस्था वाले टॉप 3 गणेश पंडालों को जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आयोजन करने वाली समितियों को भी प्रोत्साहित करने की दिशा में आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान प्रत्येक पंडाल के लिए नोडल अथवा डेडिकेटेड पुलिस टीम नियुक्त की गई है। उन्होंने समिति पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या अथवा पुलिस व्यवस्था से संबंधित कमी की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार से बचने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा सोशल मीडिया की विशेष निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई आपत्तिजनक अथवा धार्मिक सौहार्द बिगाडने वाली पोस्ट सामने आती है तो उसे आगे प्रसारित करने के बजाय तत्काल पुलिस के संज्ञान में लाएं, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### विद्युत विभाग ने गणेश विसर्जन मार्ग को सुरक्षित बनाने की जानकारी दी

विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि गणेश विसर्जन के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर विद्युत लाइनों को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कार्य किए गए हैं। जहां विद्युत पोल सड़क के एक ओर थे और लाइनें सड़क के दूसरी ओर जा रही थीं, वहां नए पोल स्थापित कर लाइनों की ऊंचाई बढ़ाई गई तथा सर्विस क्रॉसिंग को व्यवस्थित किया गया। इससे विसर्जन मार्ग पर विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त ऊंचाई एवं खुला स्थान सुनिश्चित किया गया है। दूरसंचार कंपनियों के साथ भी समन्वय कर असुरक्षित क्रॉसिंग को हटाने तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षित ऊंचाई पर लाइनें व्यवस्थित करने के लिए कहा गया है। समितियों से पंडाल परिसर में पीएम सूर्य घर योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने वाले संदेश एवं अपील प्रदर्शित करने का भी आग्रह किया गया, ताकि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ अधिक से अधिक लोग सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। बैठक में गणेशोत्सव समितियों के प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विद्युत, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# देर शाम गरज-चमक के साथ हुई बारिश, लोगों को गर्मी से मिली राहत

### बारिश रुकने से 35 डिग्री पार हो गया था तापमान, मौसम में होगा बदलाव



राजनांदगांव (दावा)। भादों के महिने में अचानक बारिश के रुक जाने से गर्मी और उमस का प्रकोप बढ़ गया था। बारिश के दिनों में लोग गर्मी के कारण पंखे कूलर एसी चालू करना शुरू कर दिए थे। नंदी महाराज की कृपा कहनी चाहिए कि पोला पर्व के दिन शाम को गरज - चमक कर अच्छी बारिश हुई। इससे सबकी गर्मी जाती रही और जीव को शान्त मिला।

बता दें कि जिले सहित पूरे क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से आसमान में बादलों की आवाजाही थम सी गई थी और तेज धूप निकलने लगा था जिससे गर्मी और उमस का वातावरण बन गया था। बारिश पर लगे अचानक ब्रेक की वजह से अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया था। मौसम के इस तीखे तेवर से लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा था और लोग बीमार हो रहे थे। लोगों में खास कर सर्दी खांसी तेज बुखार व बदन दर्द, पेट में एठन दर्द के मामलों में वृद्धि देखी जा रही थी।

इसी तरह तेज धूप व उमस भरी गर्मी ने खेतों में खड़ी फसलों की स्थिति को लेकर किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। तेज धूप की वजह से पौधों की सामान्य बढ़वार प्रभावित होने का खतरा मंडराने लगा था। वहीं गर्मी के कारण धान की फसल में कीट प्रकोप भी पनपने लगे थे। पोला पर्व के दिन शाम को गरज - चमक के साथ हुई बारिश से इस परेशानी में थोड़ी कमी आने की बात कही जा रही है।

### मौसम में बदलाव की उम्मीद

बता दें कि बीते एक सप्ताह से राजनांदगांव जिले सहित पूर्व के जिलों में मानसून पूरी तरह सुस्त बना हुआ है। बादलों के न बरसने और आसमान साफ रहने से दिन का पारा लगातार बढ़ रहा था। इससे लोग परेशान होने लगे थे। गुरुवार के दिन पोला त्योहार मनाते हैं शाम को गरज -चमक के साथ हुई बारिश से बैल दौड़ प्रतियोगिता में रंग में भंग जरुर पड़ गया लेकिन गर्म और उमस से जूझ रहे लोगों को इस बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिली है।

मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि अंचल सहित प्रदेश भर में 10 सितंबर से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आकाश मेघमय बना रहेगा तथा प्रदेश के कई स्थानों गर्जन-तर्जन के साथ हल्की से लेकर मध्यम बारिश होगी। बहरहाल गुरुवार की शाम गरज-चमक के साथ हुई बारिश से आगामी दिनों बारिश की यही स्थिति बने रहने की उम्मीद बढ़ गई है।

# गणेश पंडालों को त्वरित मिलेगा अस्थाई विद्युत कनेक्शन, अवैध हुकिंग पर होगी सख्त कार्रवाई

**चार जिलों के फील्ड अधिकारियों को मुख्य अभियंता ने दिए निर्देश, मीटर के पास चस्पा करना होगा प्राधिकार पत्र**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चार जिलों–राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई और कबीरधाम (कवर्धा) में गणेश उत्सव समितियों के पंडालों को सुलभ व त्वरित अस्थाई विद्युत कनेक्शन (टी.सी.) प्रदान किया जाएगा। मुख्य अभियंता एच.के. मेश्राम ने संबंधित फील्ड अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। श्री मेश्राम ने बताया कि गणेश उत्सव, झांकियों और मेलों के दौरान पंडालों की साज-सज्जा व प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग अस्थाई कनेक्शन देने की विशेष पहल कर रहा है। उन्होंने राजनांदगांव, डोंगरगांव, मोहला, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा तथा पंडरिया संभाग के मैदानी अमले को पंडालों में निर्बाध और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

### वैध कनेक्शन ही लें, हुकिंग कानूनी अपराध और जानलेवा

मुख्य अभियंता ने उत्सव समितियों और नागरिकों से अपील की है कि वे विद्युत वितरण केंद्रों से विधिवत अनुमति लेकर ही वैध अस्थाई कनेक्शन प्राप्त करें। उन्होंने सचेत किया कि सीधे तारों पर हुकिंग कर अनाधिकृत उपयोग करना कानूनन अपराध है और यह ट्रांसफॉर्मर में आग लगने तथा गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनता है। अवैध दोहन से विद्युत प्रणाली पर अतिरिक्त भार पड़ता है। जिससे लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती है और आम उपभोक्ताओं की नियमित आपूर्ति बाधित होती है। श्री मेश्राम ने स्पष्ट किया कि पंडालों के लिए दिए जाने वाले कनेक्शन धार्मिक एवं सामाजिक उपयोग के लिए हैं। इनका व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### गठित सतर्कता दल करेगा औचक निरीक्षण, मीटर के पास प्राधिकार पत्र लगाना अनिवार्य

विद्युत चोरी रोकने के लिए विभागीय स्तर पर गठित सतर्कता दल (विजिलेंस टीम) सभी संभागों में पंडालों की औचक जांच (सरप्राइज चेकिंग) करेगा। प्राधिकार पत्र अनिवार्य- चेकिंग व्यवस्था को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए आयोजकों को मीटर के पास ही विद्युत कंपनी से प्राप्त प्राधिकार पत्र चस्पा करना होगा। जिससे कनेक्शन के वैध होने की पुष्टि तुरंत हो सके। समितियां अपने पंडाल के प्रस्तावित लोड का सही आंकलन वितरण केंद्र के अधिकारियों से कराकर ही आवेदन करें, ताकि ट्रांसफॉर्मर की क्षमता अनुसार निर्बाध बिजली मिल सके। पंडालों की विद्युत वायरिंग केवल अधिकृत इलेक्ट्रीशियन से ही कराएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि अर्थिंग उचित हो और तारों में खुले जोड़ (ज्वाइंट्स) न हों, जहां जोड़ अनिवार्य हों। वहां मानकों के अनुरूप इन्सुलेशन टेप का उपयोग किया जाए ताकि जान-माल की हानि रोकी जा सके।

# डॉ. रमन ने किया दादा ट्रैवल्स की सुपर प्रीमियम वॉल्वो 9600 बी11आर बस का भव्य शुभारंभ




**○ आम यात्रियों की पहुंच में आएगा सुपर प्रीमियम सफर : 40 स्लीपर, इन-हाउस वॉशरूम और हर सीट पर पर्सनल स्क्रीन की सुविधा**
**○ रायपुर से पुणे के बीच 16 घंटे में पूरा होगा सफर, सामान्य स्लीपर से मात्र 200-300 रुपये अधिक रहेगा किराया**

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के यात्री परिवहन क्षेत्र में आधुनिक, सुरक्षित और आरामदायक सफर की दिशा में नई पहल करते हुए 'दादा ट्रैवल्स' (राजनांदगांव) की अत्याधुनिक वॉल्वो 9600 बी11आर सुपर प्रीमियम लग्जरी स्लीपर बस का भव्य शुभारंभ हुआ। बुधवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने निवास पर इस अत्याधुनिक बस का विधिवत उद्घाटन किया। दादा ट्रैवल्स का संचालन सीए प्रफुल्ल कोठारी, सीए राजेश बाफना एवं विनीत लुनिया द्वारा किया जा रहा है। संस्थापकों ने बताया कि उनका उद्देश्य प्रदेश के यात्रियों को सुपर लग्जरी सुविधाएं बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है, ताकि यह आम यात्रियों की पहुंच में भी आ सके।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी यात्रा

लंबी दूरी के सफर को सुविधाजनक बनाने के लिए इस बस में 40 प्रीमियम स्लीपर बर्थ, इन-बिल्ट वॉशरूम की सुविधा, प्रत्येक स्लीपर बर्थ में व्यक्तिगत टीवी/एंटरटेनमेंट स्क्रीन आदि है। कंपनी का प्रयास है कि सामान्य स्लीपर बसों की तुलना में केवल 200 से 300 रुपये अतिरिक्त किराये में यह वर्ल्ड-क्लास लग्जरी सफर उपलब्ध कराया जाए। बस की प्रथम सेवा रायपुर से पुणे के मध्य संचालित होगी। रायपुर से निकलकर भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद), अहमदनगर होते हुए बस पुणे पहुंचेगी। लगभग 16 घंटे की इस यात्रा का किराया करीब 2,000 से 2,500 के बीच रखने का प्रस्ताव है।

### देश के प्रमुख शहरों को जोड़ने का संकल्प

संस्थापक सीए राजेश बाफना एवं सीए प्रफुल्ल कोठारी ने कहा कि संस्था का लक्ष्य पारदर्शिता और नैतिकता के साथ परिवहन सेवा देते हुए भविष्य में छत्तीसगढ़ को देश के अन्य प्रमुख महानगरों से सुपर प्रीमियम कनेक्टिविटी के जरिए जोड़ना है। न्यूनतम किराये में सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देना ही दादा ट्रैवल्स की प्राथमिकता है। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा से लेकर क्रियान्वयन व समन्वय तक राजनांदगांव निवासी भावेश बैद की प्रमुख भूमिका रही। उनके कुशल प्रबंधन व संचालन के चलते पूरा समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। दादा ट्रैवल्स परिवार ने उनके विशेष योगदान के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह में परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर, वॉल्वो इण्डिया के वरिष्ठ अधिकारी रवि मनोचा एवं एंथोनी सहित वोल्वो इंडिया की टीम विशेष रूप से मौजूद रही। इसके साथ ही रायपुर, दुर्ग-भिलाई व राजनांदगांव के प्रमुख ट्रांसपोर्टर्स, व्यावसायिक सहयोगी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लखोली में दो पक्षों के बीच विवाद, युवक पर चाकू से हमला

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखोली बैगा पारा में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी के बाद एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक के पैर में गंभीर चोट आई है, जिसे उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वाहन में सवार होकर जा रहे कुछ बाहरी लोगों की बैगा पारा निवासी एक युवक से ठोकर लगने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बैगा पारा निवासी युवक ने तैश में आकर वाहन सवार युवक पर चाकू से वार कर दिया। चाकू के हमले से युवक के पैर की पिंडली में गहरी चोट आई और वह लहुलूहान हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# पेण्ड्री में 45 लाख से अधिक राशि से होगा विकास कार्य, महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा शासन स्वीकृत राशि से वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कडी में वार्ड नं. 20 पेण्ड्री में अधोसंरचना मद अंतर्गत 20.84 लाख रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रिटींग रोड एवं नाली निर्माण तथा 15 लाख रूपये की लागत से बाण्ड्रीवाल निर्माण सहित 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से हास्टल रोड में पाईप लाईन विस्तार करने महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड पार्षद कुलेश्वर ध्रुव एवं वार्डवासियों की गरिमामय उपस्थिति में शीतला मंदिर में पूजा अर्चनाकर श्रीफल फोड़कर गैती चलाकर विभिन्न स्थानों में भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन अवसर पर महापौर ने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन द्वारा संस्कारधानी में विकास कार्य कराने विभिन्न योजनांतर्गत नगर निगम में स्वीकृति प्रदान किये थे। शासन स्वीकृति एवं विधायक, सांसद निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य वार्डो में कराए जा रहे है। इसी कड़ी में पेण्ड्री में 45 लाख रूपये से अधिक की राशि से रोड नाली निर्माण, बाउण्ड्रीवाल एवं पाईपलाईनल विस्तार करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोड निर्माण होने से आवागमन में सुविधा होगी वही नाली निर्माण से घरो के पानी निकलने के अलावा बारिश का पानी असानी से बहेगा। इसी प्रकार पाईप लाईन बिछने से पेयजल संकट से निजात मिलेगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य जल्द प्रारंभ कर समय सीमा में गुणवत्ताक के साथ पूर्ण कराया जायेगा, ताकि पेण्ड्रीवासियों को इसका लाभ मिल सके।

भूमिपूजन के पूर्व वार्ड पार्षद ध्रुव सहित प्रीतक बाजपेयी, मेघदास वैष्णव, दुर्गाराम साहू, ईशाक खान, गणेश सुपले, भीखम साहू, परस लहरे, ललित साहू, अजय साहू, मनीष ध्रुव, बुधराम बघेल, लक्ष्मण सलाम बैगा, रामेन्द्र देवांगन, रामशंकर साहू, कृष्णा साहू, तालुक कोटवार ने महापौर का स्वागत कर विकास कार्य की सौगात देने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप अभियंता तिलकराज ध्रुव सहित वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

# गुजराती स्कूल के छात्र ओमकार ढीमर ने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



राजनांदगांव (दावा)। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में 3 सितंबर से 6 सितंबर 2026 तक किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं विद्यालयों से चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में तैराकी सहित विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। तैराकी प्रतियोगिता में गुजराती स्कूल के छात्र ओमकार ढीमर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 बैक स्ट्रोक स्पर्धा में शानदार सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ओमकार ने अपनी बेहतरीन तकनीक, गति, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ओमकार की इस उपलब्धि के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण रहा।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के बीच स्वर्ण पदक हासिल करना उनकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत को दर्शाता है। ओमकार ढीमर की इस शानदार उपलब्धि से गुजराती स्कूल में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव, खेल प्रशिक्षक सुधा साहू एवं अनुसुईया साहू संस्था के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल एवं अन्य सभी सदस्यों ने ओमकार को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि ओमकार की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है और इससे स्कूल के विद्यार्थियों में खेलों के प्रति उत्साह और बढ़ेगा। ओमकार की सफलता से उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित किया है कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

# रेनबो फिंगर्स वेलफेयर फाउंडेशन ने महापौर मधुसूदन को किया सम्मानित



**न्यूरोडायवर्जेंट बच्चों के हित में कार्य कर रही संस्था के प्रयासों को महापौर ने सराहा, हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन**

राजनांदगांव (दावा)। रेनबो फिंगर्स वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा न्यूरोडायवर्जेंट बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और क्षमताओं को मंच देने के उद्देश्य से विगत 6 सितंबर को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में 'उड़ान-हर बच्चा अनोखा है' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया था।

इस आयोजन में विशेष मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करने पर संस्था ने नगर पालिक निगम के महापौर मधुसूदन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। फाउंडेशन के राजनांदगांव जिला प्रमुख सौरभ अजमानी एवं जिला संयोजक नीतिका अजमानी ने महापौर के मोतीपुर स्थित निज निवास पहुंचकर उन्हें संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया।भेंट के दौरान संस्था के प्रतिनिधियों ने महापौर को अपनी गतिविधियों एवं भावी कार्ययोजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संस्था का ध्येय वाक्य है– हर बच्चा अनोखा है, हर बच्चा खास है और हर बच्चे को अपनी उड़ान भरने का अधिकार है। संस्था का प्रमुख लक्ष्य समाज के इन नन्हे बच्चों को उचित अवसर, सम्मान और समानता दिलाते हुए एक समावेशी समाज का निर्माण करना है।

### क्या है न्यूरोडायवर्जेंट?

न्यूरोडायवर्जेंट बच्चों का आशय ऐसे बच्चों से है, जिनकी सोचने, समझने और सीखने की क्षमता आम बच्चों से भिन्न होती है। यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि मस्तिष्क की प्राकृतिक बनावट और कार्यप्रणाली का एक अलग स्वरूप है। इसके अंतर्गत डिस्लेक्सिया, ऑटिज्म, एडीएचडी आदि स्थिति वाले बच्चों को शामिल किया जाता है। महापौर मधुसूदन यादव ने फाउंडेशन द्वारा विशेष बच्चों के उत्थान हेतु किए जा रहे संवेदनशील प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन बच्चों के सर्वांगीण विकास और समाज में इनके प्रति जागरूकता लाने के लिए चलाए जा रहे अभियानों में वे हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर व संकल्पित हैं।

## अनमोल 'दावा'

**सफलता की कुंजी कभी किसी और के हाथों में नहीं होती, यह सिर्फ आपके पास होती है।**

# 'दिमागी नक्सल' कौन हैं?

15 अगस्त, 2026 को देश के नाम अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में प्रधानमंत्री ने 'दिमागी नक्सलियों' से सावधान रहने की जो बात कही, उससे मीडिया में बहस छिड़ गई है।

25 अगस्त को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने तीखी टिप्पणी की : 'या तो हम या वे; मैं बीमारी जानता हूँ और उसका इलाज भी जानता हूँ'। वे कोलकाता की जादवपुर यूनिवर्सिटी में हुई घटनाओं पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। यूनिवर्सिटी की दीवारों पर लिखा था : 'आज़ादी' और 'लाल सलाम किशनजी'।

इससे पहले, 24-26 नवंबर, 2025 को जादवपुर यूनिवर्सिटी में अपना राज्य सम्मेलन आयोजित करते समय, माओवादी संगठन 'रेडिकल स्टूडेंट्स फ्रंट' ने विवेकानंद ऑडिटोरियम का नाम बदलकर नंबाला केशव राव ऑडिटोरियम और जादवपुर का नाम हिडमा नगर रख दिया था। उस समय छात्रों ने कहा था कि यह सिर्फ़ प्रतीकात्मक है और इसे नज़रअंदाज़ कर दिया था।

इस बीच, प्रधानमंत्री का क्या मतलब था, इसे समझने की कई कोशिशें हुई हैं। उन्हें चाहे जो भी नाम दिया जाए–वे हथियार नहीं उठाते; वे उकसाते हैं। वे ऐसे लोग हैं जो चुपके से सत्ता को हथियारबंद तरीके से उखाड़ फेंकने का प्रचार करते हैं, संविधान को नहीं मानते और संसदीय राजनीति को दिखावा समझते हैं। वे चुनी हुई सरकार को अमान्य ठहराने के लिए कई तरह की गतिविधियाँ करते हैं और इस तरह सरकार के प्रति असंतोष पैदा करते हैं।

समस्या उन लोगों से नहीं है जो स्वास्थ्य, शिक्षा, रोज़गार, सबके लिए समान अवसर और बुनियादी ढाँचे की माँग करते हैं। असली समस्या उन तत्वों से है जो अपने छिपे हुए एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए चुपके से और चालाकी से बातचीत की दिशा बदलते और प्रभावित करते हैं, हथियारबंद विद्रोह के लिए जगह बनाते हैं और उसे सही ठहराते हैं। इस शोर-शराबे और उलझन के बीच, माओवादियों की यूनाइटेड फ्रंट (स्न) की रणनीतियों और शहरी आंदोलन के नज़रिए को समझना और यह स्पष्ट करना उपयोगी होगा कि दिमागी नक्सल कौन है।

यूनाइटेड फ्रंट दो तरह के होते हैं–टैक्टिकल (रणनीतिक/तत्कालिक) और स्ट्रेटेजिक (दीर्घकालिक रणनीति)। दिमागी नक्सल तत्व माओवादी-नक्सलियों की यूनाइटेड फ्रंट रणनीतियों का अहम हिस्सा होते हैं। वे यूनाइटेड फ्रंट के टैक्टिकल हिस्से को चलाते हैं। वे खुलेआम काम करते हैं। वे ऐसे समूहों के साथ गठबंधन या संबंध बनाना चाहते हैं जो लंबे समय तक चलने वाले पीपल्स वॉर के मुख्य लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर सकें।

माओवादियों की उभरती शहरी रणनीति, जो यूनाइटेड फ्रंट (संयुक्त मोर्चा) की चालों और समाज के संगठित वर्गों को प्रभावित करने की कोशिशों पर आधारित है, भारत की आंतरिक सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए एक गंभीर चुनौती पेश करती है।

टैक्टिकल यूनाइटेड फ्रंट में, माओवादी उन लोगों और समूहों के साथ गठबंधन बनाते हैं जो किसी न किसी मुद्दे पर सरकार और उसकी नीतियों का विरोध करते हैं। इसके ज़रिए वे शांतिपूर्ण राजनीतिक तरीकों से सरकार से लड़ना चाहते हैं और साथ ही अपना समर्थन आधार भी बढ़ाना चाहते हैं। यह यूनाइटेड फ्रंट कई संगठनों का एक समूह या गठबंधन होता है, जो ज़रूरी नहीं कि माओवादियों के क्रांतिकारी एजेंडे से सहमत हों।

जन-आंदोलन बनाने और लोगों को नई लोकतांत्रिक क्रांति के मुख्य लक्ष्य के लिए तैयार करने के लंबे समय के नज़रिए से, पूरी तरह से गुप्त (अंडरग्राउंड) क्रांतिकारी जन-संगठन बनाने के अलावा, नक्सली ऐसे संगठनों के बीच भी काम करने की कोशिश करते हैं जिन्हें तीन बड़े वर्गों में बांटा जा सकता है : गुटीय काम (फ्रैक्शनल वर्क), पार्टी द्वारा बनाए गए कवर संगठन, और कानूनी लोकतांत्रिक संगठन। इस तरह, नक्सली मौजूदा कानूनी संगठनों के बीच एक गुटीय समिति (फ्रैक्शन कमेटी) के तौर पर काम करते हैं या अपने खुद के कवर संगठन बनाते हैं; कानूनी संगठनों के सदस्य अर्ध-कानूनी तत्व का हिस्सा होते हैं।

उन्होंने कवर संगठनों के ज़रिए नागरिक समाज में पैठ बनाई, जैसे असम में। माओवादी नेताओं ने असम स्टूडेंट्स एंड यूथ ऑर्गनाइज़ेशन बनाया और सदस्यों को इकट्ठा किया। उन्होंने एक सम्मानित कॉलेज प्रिंसिपल को इसका नेता दिखाया, जब तक कि उनकी असलियत सामने नहीं आ गई।

मौजूदा संदर्भ में, दिमागी नक्सली (शहरी नक्सली) कानूनी, लोकतांत्रिक संगठनों के साथ ढीले-ढाले संबंध रखते हैं और ऐसे संगठनों में गुटीय काम करते हैं जो खास हित समूहों (सांप्रदायिक हितों) की सेवा करते हैं और संघर्ष की ओर ज़्यादा झुके होते हैं, जैसे ÷ट्रेड यूनियन, युवा संगठन, बेरोज़गारों के संगठन, छात्र संघ और यूनियन, महिला संगठन, गैर-सरकारी कल्याणकारी संगठन, महिला कल्याणकारी संगठन, और दमित जातियों, राष्ट्रीयताओं और अल्पसंख्यकों के कल्याणकारी संगठन÷। ये सभी ञ्जस्न का हिस्सा हैं। यह अलग-अलग 'साम्राज्यवाद-विरोधी' संघर्षों को एकजुट करता है और उन्हें एक साझा समझ के आधार पर एक मंच पर लाता है। यह ज़मीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं (ओवर-ग्राउंड कैडर) की संख्या बढ़ाता है, उन्हें पूरी तरह से अपनी विचारधारा में ढालता है और फिर उन्हें संगठन के काम में पूरी तरह शामिल करता है, खासकर शहरी इलाकों में। यह संभावित नेताओं और विचारकों के लिए साथियों को अपनी ओर खींचता है। यह राज्य की कड़ी कार्रवाई से बचने के लिए एक अच्छे आवरण (कवर) का काम करता है। मूल रूप से, एक राजनीतिक गतिविधि होने के नाते, यह सैन्य गतिविधियों, यानी सशस्त्र संघर्ष को मज़बूत करता है।

# एससीओ में पाक व चीन को मोदी का संदेश

(वीपी राहुल)

**शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की सुरक्षा चिंताओं को बेहद स्पष्ट और दृढ़ता के साथ सामने रखा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफकी मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद को लेकर ऐसा संदेश दिया, जिसे पाकिस्तान के लिए परोक्ष लेकिन बेहद स्पष्ट चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने किसी देश का नाम लिये बिना कहा कि जो देश आतंकवाद को अपनी राज्य नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह तथा समर्थन देते हैं, उन्हें यह कड़ा संदेश मिलना चाहिए। मोदी ने चीन को भी ऐसा ही संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एससीओ की अध्यक्षता अब पाकिस्तान के पास है। पाकिस्तान ने 1 सितम्बर को किर्गिस्तान से संगठन की अध्यक्षता संभाली और अगले वर्ष एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी करेगा। इसका अर्थ है कि आने वाले समय में भारत और पाकिस्तान एक ही बहुपक्षीय मंच पर लगातार आमने-सामने रहेंगे। ऐसे में मोदी का आतंकवाद पर दिया गया संदेश भारत की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट करने के साथ-साथ एससीओ के भीतर आतंकवाद के मुद्दे को केंद्र में रखने की रणनीति भी दिखाई देता है।**



भारत लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद और आतंकवादी संगठनों को मिलने वाले समर्थन को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल करता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बार भी पाकिस्तान का नाम सीधे नहीं लिया, क्योंकि एससीओ के नियमों के तहत सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय विवादों को संगठन के मंच पर उठाने की अनुमति नहीं है लेकिन उनका संदेश इतना स्पष्ट था कि उसके संदर्भ को समझने के लिए पाकिस्तान का नाम लेना आवश्यक नहीं था।

प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद को केवल आतंकवादियों के खिलाफसैन्य कार्रवाई तक सीमित रखने के बजाय उसके पूरे तंत्र को समाप्त करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथीकरण और सुरक्षित ठिकानों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करना होगा। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, क्योंकि आधुनिक आतंकवाद केवल हथियार उठाने वाले कुछ लोगों की समस्या नहीं है। उसके पीछे वित्तीय नेटवर्क, वैचारिक प्रचार, भर्ती के तंत्र, तकनीकी माध्यम और सुरक्षित पनाहगाह काम करते हैं।

मोदी ने आतंकवाद के खिलाफदोहरे मानदंडों का भी विरोध किया। उनका संकेत था कि आतंकवाद को लेकर दुनिया में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। यदि किसी आतंकवादी गतिविधि को एक जगह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा माना जाता है, तो दूसरी जगह उसे राजनीतिक सुविधा के आधार पर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यही तर्क देता रहा है कि आतंकवाद को अच्छे और बुरे आतंकवाद में बांटने की नीति अंततः पूरी दुनिया के लिए नुकसानदेह होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ के लिए सुरक्षा, संपर्क और अवसर की अपनी दृष्टि को भी आगे बढ़ाया। उनके अनुसार किसी भी क्षेत्र की आर्थिक प्रगति और सामाजिक विकास के लिए शांति तथा सुरक्षा आवश्यक है। यदि किसी क्षेत्र में आतंकवाद, संघर्ष और अस्थिरता बनी रहती है, तो वहां व्यापार, निवेश, पर्यटन और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए भारत के लिए सुरक्षा और विकास अलग-अलग मुद्दे नहीं बल्कि एक-दूसरे से जुड़े हुए विषय हैं। प्रधानमंत्री ने कनेक्टिविटी के मुद्दे पर भी भारत की पुरानी और स्पष्ट स्थिति दोहराई। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे संपर्क और परिवहन मार्गों का समर्थन करता है जो बाजारों को जोड़ें, व्यापार बढ़ाएं और विकास के नए अवसर पैदा करें लेकिन ऐसे सभी प्रयास देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने वाले होने चाहिए। यह टिप्पणी चीन के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव जैसी परियोजनाओं को लेकर भारत पहले से ही अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से जुड़े सवाल उठाता रहा है। विशेष रूप से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से गुजरने वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को लेकर भारत की आपत्ति रही है। इसलिए एससीओ के मंच से कनेक्टिविटी के साथ संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की शर्त दोहराना भारत की रणनीतिक स्थिति को स्पष्ट करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अफगानिस्तान की स्थिति को भी क्षेत्रीय सुरक्षा से जोड़कर देखा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण और सुरक्षित यूरेशिया की साझा आकांक्षा अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता से भी जुड़ी हुई है। भारत अफगानिस्तान के लोगों के लिए मानवीय सहायता और विकास में योगदान जारी रखने की बात करता रहा है। अफगानिस्तान का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि उसकी अस्थिरता का असर आतंकवाद, कट्टरपंथ, सीमा सुरक्षा और क्षेत्रीय संपर्क पर पड़ सकता है।

एससीओ के मंच से प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया के संकट पर भी भारत की नीति दोहराई। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का प्रभाव केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। इसका असर ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ता है। भारत जैसे बड़े विकासशील देश के लिए ऊर्जा और वैश्विक व्यापार की स्थिरता विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। मोदी ने एक बार फिर कहा कि युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है और संघर्षों का समाधान बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए। यह भारत की उस व्यापक विदेश नीति के अनुरूप है जिसमें वह विभिन्न पक्षों के साथ संवाद बनाए रखते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की कोशिश करता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि वैश्विक दक्षिण के देशों को ऐसे संघर्षों से सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ के भविष्य को केवल सुरक्षा और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने संगठन को विभिन्न सभ्यताओं, संस्कृतियों और विचारों का संगम बताया और कहा कि आने वाले 25 वर्षों में सदस्य देशों के बीच जन-से-जन संपर्क सहयोग के केंद्र में होना चाहिए। यह विचार एससीओ को केवल सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों का मंच बनाने के बजाय आम लोगों, युवाओं, उद्यमियों, किसानों और सांस्कृतिक समुदायों के लिए अवसर पैदा करने वाले संगठन के रूप में देखने की कोशिश है। उन्होंने विकास की सफ्लता को भी व्यावहारिक पैमाने से मापने की बात कही। कितने नए अवसर पैदा हुए, उद्यमियों के लिए कितने नए बाजार खुले, तकनीक से किसानों को कितना लाभ मिला और नागरिकों का जीवन कितना बेहतर हुआ, इन सवालों को उन्होंने क्षेत्रीय सहयोग की वास्तविक कसौटी बताया।

कुल मिलाकर, एससीओ सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश कई स्तरों पर महत्वपूर्ण रहा। एक तरफउन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर परोक्ष लेकिन कठोर चेतावनी दी, वहीं दूसरी तरफचीन के सामने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान की भारत की स्थिति दोहराई। साथ ही उन्होंने अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया, ऊर्जा सुरक्षा, कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास जैसे व्यापक मुद्दों को भारत की एससीओ दृष्टि से जोड़ा।

भारत के लिए एससीओ ऐसी कूटनीतिक जगह है जहां सुरक्षा और विकास दोनों को एक साथ आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य से स्पष्ट है कि भारत आतंकवाद के खिलाफकिसी भी प्रकार के दोहरे मानदंड को स्वीकार करनेके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान की अध्यक्षता में अगले वर्ष होने वाला एससीओ सम्मेलन इस दृष्टि से और अधिकमहत्वपूर्ण हो सकता है। (हिफी)

# डिजिटल क्रांति की राह पर सारंगढ़-बिलाईगढ़

## तकनीक से बदली खेती की तस्वीर, डिजिटल क्रॉप सर्वे में रचा इतिहास

विष्णु प्रसाद वर्मा, गुलाब डडसेना

छत्तीसगढ़ का नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ तकनीक के प्रभावी उपयोग और दूरदर्शी प्रशासनिक रणनीति के बल पर प्रदेश में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कृषि क्षेत्र को पारदर्शी और आधुनिक बनाने की दिशा में संचालित राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल क्रॉप सर्वे के क्रियान्वयन में जिले ने समूचे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रदेश स्तरीय रिपोर्ट में 87 प्रतिशत कार्य पूर्णता के साथ सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने यह शीर्ष स्थान प्राप्त किया है, जबकि 86 प्रतिशत के साथ खैरागढ़ दूसरे और 81 प्रतिशत के साथ कोरिया तीसरे स्थान पर है।

### प्रदेश में 88.45 प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे

मैदानी स्तर पर मुस्तैदी और कड़े प्रशासनिक नियंत्रण के बूते जिले में कुल 53 हजार 524 लक्षित प्लॉटों के सापेक्ष 47 हजार 350 प्लॉटों का सर्वे पूरा कर लिया गया है, जो 88.45 प्रतिशत की वास्तविक प्रगति को दर्शाता है। केवल सर्वे ही नहीं, बल्कि डेटा सत्यापन और अनुमोदन में भी तेजी लाते हुए 35 हजार 476 मामलों को अनुमोदित किया जा चुका है।



सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की सभी छह तहसीलों में सर्वे का काम एक होड़ की तरह आगे बढ़ रहा है, जिसमें 93.27 प्रतिशत प्रगति के साथ सारसींवा तहसील सबसे आगे है। इसके ठीक पीछे भटगांव तहसील ने 93.15 प्रतिशत का आंकड़ा हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जिले के सबसे बड़े राजस्व क्षेत्र सारंगढ़ ने भी 88.60 प्रतिशत सर्वे पूर्ण करने के साथ-साथ सर्वाधिक 84.36 प्रतिशत अनुमोदन दर्ज कराकर प्रशासनिक दक्षता की मिसाल पेश की है। इसी तरह सारिया, बिलाईगढ़ और बरमकेला तहसीलों में भी 84 से 86 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है।

### डिजिटल ब्यौरा सटीक पारदर्शी व्यवस्था बनाएगा

राजस्व और कृषि विभाग की पूरी टीम शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए मुस्तैद है। मैदानी अमले के साथ सतत समन्वय और नियमित समीक्षा के बल पर बचे हुए प्लॉटों का काम भी तेजी से निपटाया जा रहा है। फसलों का यह सटीक डिजिटल ब्योरा न केवल पारदर्शी व्यवस्था बनाएगा, बल्कि आने वाले समय में किसानों को बीमा दावों से लेकर शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### शब्द सामर्थ्य -156



## सामयिक चर्चा

### महंगाई की मौत मरें!

सामने की कुर्सी पर बैठकर  
बानी से बोले गजाधर -  
''आज किस खबर पर बात करोगे बानी !''  
बानी ने कहा माथा ठोक कर- ''गजाधर!  
गुड़, तेल, शक्कर व प्याज के बाद  
अब महंगाई की बस में चढ़ने की बारी।  
सुनिए गजाधर! छत्तीसगढ़ में  
यात्री बसों के किराये की  
बढ़ोत्तरी की मांग पर  
राज्य सरकार जल्द निर्णय ले सकती है।  
साधारण बसों में  
पचहत्तर प्रतिशत वृद्धि की मांग  
फेडरेशन करती है।  
गजाधर! आपकी समझ  
इस पर क्या कहती है?''  
महंगाई से त्रस्त गजाधर  
बोले जोरदार जमुहाई लेकर  
''महंगाई पर किसी का वश नहीं -  
यह कहावत हमें  
एक बार फिर याद आएगी।  
गरीबों और साधारण लोगों के लिए  
यात्रा करने की साधारण बस  
अब असाधारण होकर  
'पर बस' हो जाएगी।  
अब आगे बानी! और क्या कहें?  
जितनी जीवन शेष बचा है, बस  
महंगाई की मौत मरते चलें।''  
गुरूवार 10 सितम्बर 2026



-गिरीश बख्शी

## कविता

### तीजा जाना हे जरूर

हप्ता भर ले बहिनी मन, रहिथे गजब अगोरा म।  
रहि रकि के रद्दा निहारत, रहिथे जम्मो जोरा म।  
आवत होही भाईया लिहेबर, रोटी घर के झोरा म।  
टूरा पदोवत हे जाय बर, अऊ रोवत हे सुर सुर,  
तीजा जाना हे जरूर।।  
बड़े बिहनिया कऊवा ह, छानी म नरियावत हे।  
दाई करत होही सुरता, गोड़ रहि रही के खजवावत हे।  
मोला अईसे लागत हे, ऐसो ददा लिहेबर आवत हे।  
गाड़ी म बईठ के जाबोन, भागही अब्बड़ फुर फुर,  
तीजा जाना हे जरूर।।  
अपनेच घर म परगोतरिन होगेन, अन्तस मह रोथे।  
मईके के एक खोंची पसिया, गजब अमोल होथे।  
तीजा बर कोई उमर नई होय, जीयत भर ले रहिथे।  
मईके के रिश्ता नाता ले, हावे बड़ गुरूर,  
तीजा जाना हे जरूर।।  
बछर दिन म आथे बहिनी, ये तिहार तीजा।  
सबर दिन कमावत रहिथन, नई राहन रीता।  
दाई ददा संग सुरता आथे, नानकून भतीजा।  
न नुकुर झन करबे तय, भेज देबे मोर राजा।  
देबी कस सास हावे अऊ देवता कस ससुर,  
तीजा जाना हे जरूर।।



आनंदराम सार्वा 'अनंत'  
कु.बो.भाठागांव

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए सुखद रहेगा। आज आप अपने कारोबार में अच्छा लाभ कमायेंगे। आज आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी बड़ी कंपनी में जॉब करने का मौका मिलेगा। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपको किसी काम में माता-पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज ऑफिस में आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी , जूनियर भी आपसे इंस्पायर होंगे। आज आपका पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा, जिससे आपको भी खुशी मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों के अंतर्गत आपकी छवि मजबूत बनेगी। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं , आगे चलकर आपको अच्छा लाभ होगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे लेकिन खर्च की अधिकता रह सकती है , इसका ध्यान आपको रखना होगा। आज आपको नौकरी में ट्रांसफर से जुड़ी सूचना मिल सकती है। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा और आपकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहेगी। आज आप किसी व्यक्ति से बहुत ज्यादा इंस्पायर होंगे।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज के दिन की शुरुआत आप नए तरीके से करेंगे , आप अपनी दिनचर्या में हेल्दी फूड शामिल करेंगे। आज बच्चे आपसे अपने मन की बात शेयर कर सकते हैं , आपको उन्हें प्यार से समझाना होगा। यदि आज आप शॉपिंग करने का प्लान बना रहें हैं तो पहले आप सामान की लिस्ट बना लें।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपने लिए रोजगार के नए अवसर तलाश करेंगे। आज आप अपने आपको काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज आप मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप निजी जीवन से जुड़ें कुछ अहम फैसले ले सकते हैं , जिनका असर भविष्य में आपको देखने को मिलेगा। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगें जहाँ आपको मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज इस राशि के ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों को अच्छा धन लाभ होगा। आज आप किसी से बात करते समय अपने शब्दों के ऊपर नियंत्रण बनाएं रखें। आज बच्चे आपके काम में हाथ बटायेंगे , ये देखकर आपको खुशी होगी। आज आप किसी काम को पूरे डेडिकेशन के साथ करेंगे , जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं लेकिन साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के लेखक आज अपनी पुस्तक को पब्लिश करवा सकते हैं, जिसे लोगों के द्वारा बहुत पसंद किया जायेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचे, वरना आपको उलझन होगी और सेहत पर असर पड़ सकता है।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। आज आप टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर किसी काम को जल्द ही कम्पलीट कर लेंगें। आज आप अपना करियर मीडिया के क्षेत्र में बना सकते हैं। इस राशि के प्राइवेट नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन मिलने के योग बन रहें हैं। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढ़ेगा। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आपको धन लाभ के कई बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे , जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आप अपने पुराने कार्यों को कम्पलीट करके जल्द ही नए कार्यों की योजना बनायेंगे। आज आप बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल बना रहेगा। आज आप अपने बिजनेस को शिफ्ट करने से पहले उस जगह की अच्छे से जांच पड़ताल कर लें। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा और आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। आज आप बच्चों के साथ खेलना पसंद करेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप फैक्ट्री को खोलने का विचार कर सकते हैं, जिसमें आप भाई की सहायता ले सकते हैं। इस राशि के आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको बिजनेस में ऑनलाइन माध्यम से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आज आप अपने सपने को सच करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे ।

# बिजली बिल न भरने से 5 दिनों तक अंधेरे में रहा मोहारा स्कूल, पढ़ाई ठप और पानी को तरसे छात्र

**० प्रशासनिक व वित्तीय प्रभार की खींचतान में कटी बिजली, पालक संघ ने जताई आपत्ति; डीईओ को पत्र वायरल होने के बाद जमा हुआ बिल**




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मोहारा में बिजली बिल के समय पर भुगतान को लेकर स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही उजागर हुई है। विभागीय तालमेल की कमी के चलते विद्यालय की बिजली आपूर्ति पिछले पांच दिनों से ठप रही, जिसके कारण भीषण गर्मी और उमस के बीच छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई। वहीं, बोरवेल बंद रहने से स्कूल में पेयजल संकट गहरा गया और शौचालय में पानी न होने से विद्यार्थियों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी।

इस अव्यवस्था को संज्ञान में लेते हुए पालक संघ की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता संतोष वर्मा ने प्रभारी प्राचार्य के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इस पर प्रभारी प्राचार्य ने वित्तीय अधिकार न होने का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने बताया कि मोहारा स्कूल का वित्तीय प्रभार (डीडीओ पावर) शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवकट्टा के प्राचार्य के पास है। वहीं देवकट्टा के प्राचार्य का कहना है कि मोहारा प्राचार्य द्वारा विद्युत बिल भुगतान हेतु समय पर नोटशीट प्रेषित नहीं की गई, जिसके चलते भुगतान अटक गया।

### डीईओ को भेजा गया पत्र हुआ वायरल, तब जागा तंत्र

मामला तब गरमा गया जब विद्यालय की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पत्र में स्पष्ट किया गया कि बिल राशि जमा न होने से बिजली आपूर्ति काटी गई थी। पत्र के अनुसार, प्रशासनिक व्यवस्था मोहारा के पास है जबकि वित्तीय दायित्व देवकट्टा प्राचार्य संभाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर किरकिरी होने के बाद आनन-फानन में 10 सितंबर 2026 को डोंगरगढ़ ट्रेजरी के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान कर पावती प्राप्त की गई, जिसके बाद जल्द बिजली बहाल होने का दावा किया गया है।

### बीईओ ने साधी चुप्पी, अनभिज्ञता जताकर पल्ला झाड़ा

सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक माहौल के दावों के बीच बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने शिक्षा विभाग की पोल खोल दी है। इस पूरे घटनाक्रम पर जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) डोंगरगढ़ से संपर्क किया गया, तो उन्होंने पहले टालमटोल की और बाद में पूरे मामले से अनभिज्ञता जता दी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पांच दिनों तक स्कूल में बिजली गुल रहने की भनक तक जिम्मेदार ब्लॉक स्तरीय अधिकारी को क्यों नहीं लगी?

### समय पर नोटशीट नहीं मिलने से हुई देरी- प्राचार्य, देवकट्टा

मोहारा स्कूल का वित्तीय प्रभार संभाल रहे देवकट्टा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार मोहारा के प्रभारी प्राचार्य को समय रहते बिजली बिल भुगतान की नोटशीट तैयार कर भेजनी थी। नोटशीट समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण ट्रेजरी से आहरण की प्रक्रिया बाधित हुई और यह स्थिति निर्मित हुई।

# मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के दंत विभाग ने जटिल जबड़े के फ्रैक्चर की की सफल सर्जरी

### सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल 22 वर्षीय युवक को मिला नया जीवन, सकुशल लौटा घर

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगांव के दंत विभाग के चिकित्सकों ने एक बार फिर अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। सड़क दुर्घटना में चेहरे एवं जबड़े की गंभीर चोटों से जूझ रहे 22 वर्षीय युवक यशवंत का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन दिया गया है। युवक अब पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत सप्ताह एक गंभीर सड़क हादसे में यशवंत के चेहरे और ऊपरी जबड़े की हड्डियां बुरी तरह टूट गई थी। हादसे के चलते युवक के चेहरे पर अत्यधिक सूजन आ गई थी। आंखों की रोशनी प्रभावित हो रही थी और दांतों का अलाइनमेंट पूरी तरह बिगड़ चुका था। मरीज का मुंह खुलना लगभग बंद हो गया था। जिसके कारण उसे बोलने और खाना चबाने में असहनीय दर्द व कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।

### विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में बनी रणनीति, सफल रहा ऑपरेशन

मामले की गंभीरता को देखते हुए दंत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा के कुशल नेतृत्व में डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. अनिरुद्ध गांधी व पूरे दंत विभाग ने तत्काल आवश्यक जांचें पूरी कर सर्जरी की योजना तैयार की। टीम ने जटिल जबड़े के फ्रैक्चर की शल्य



चिकित्सा कर क्षतिग्रस्त हड्डियों को उनकी सही स्थिति में लाकर सफलतापूर्वक रिपेयर किया। इस जटिल प्रक्रिया में निश्चेतना (एनेस्थीसिया) विभाग की डॉ. दुर्गा एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग व समन्वय रहा। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार आया। चेहरे की सूजन घटने के साथ जबड़े और दांतों की बनावट सामान्य हो गई और वह बिना किसी परेशानी के मुंह खोलने, बोलने व भोजन करने में सक्षम हो सका।

### 10 वर्षों में 200 से अधिक गंभीर ट्रॉमा मामलों का सफल उपचार

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज का दंत विभाग पिछले 10 वर्षों में चेहरे एवं जबड़े के गंभीर ट्रॉमा के लगभग 200 मरीजों का सफल इलाज कर चुका है। जो इस अंचल में अत्याधुनिक मैक्सिलोफेशियल सेवाओं की मजबूती को दर्शाता है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने इस सफलता पर दंत एवं निश्चेतना विभाग की संयुक्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि समय पर सटीक निर्णय और विभागों के बेहतर तालमेल से ही ऐसे जटिल मामलों में मरीज की जान बचाई जा सकी है।

## पहला कॉलम...

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत अज़ीज पब्लिक स्कूल में हुआ पौधारोपण

राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण को



बढ़ावा देने के पावन उद्देश्य से अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में छायादार व फलदार पौधे रोपे। विद्यार्थियों ने केवल पौधे ही नहीं लगाए, बल्कि उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। बच्चों ने पर्यावरण को स्वच्छ, संतुलित और हरा-भरा बनाए रखने का सशक्त संदेश दिया। इस अभियान की विशेषता यह रही कि यह केवल विद्यालय परिसर तक सीमित नहीं रहा। संस्था द्वारा अन्य विद्यालयों के परिसरों में भी पौधे उपलब्ध कराए गए और वहां रोपण कराया गया, ताकि अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और विद्यार्थियों को इस पुनीत कार्य से जोड़ा जा सके। इस व्यापक पहल से सामूहिक सहभागिता के जरिए समाज में पर्यावरण संरक्षण की भावना को बल मिला।

### प्रकृति संरक्षण हमारा दायित्व : निदेशिका तनाज़ अज़ीज़

विद्यालय की निदेशिका श्रीमती तनाज अज़ीज ने विद्यार्थियों के उत्साह की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संतुलन का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बच्चों को प्रकृति के संरक्षण के लिए निरंतर सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

### प्रत्येक विद्यार्थी ले एक पौधे की जिम्मेदारी -प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और सामाजिक दायित्व की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम एक पौधे के संरक्षण का उत्तरदायित्व स्वीकार करे, तो सामूहिक प्रयासों से एक बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, स्टाफ और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा समाज को अधिकाधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया।

# 'स्वच्छता अपनाएं, स्वस्थ एवं सुंदर समाज बनाएं' : स्कूली बच्चों ने ली शपथ

**घर, विद्यालय और परिवेश को स्वच्छ रखने का लिया सामूहिक संकल्प**



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम चिरचारीकला स्थित पंडित तुलसी प्रसाद मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, उत्तरदायित्व और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की प्राचार्य विमला माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन की नियमित आदत बनाना आवश्यक है। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ तन और मन की नींव रखता है।

### भारत का नक्शा बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और सामूहिक सहभागिता का सुंदर परिचय देते हुए भारत का भव्य नक्शा तैयार किया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का प्रेरक संदेश दिया। कलात्मक प्रस्तुति के जरिए यह रेखांकित किया गया कि देश को स्वच्छ रखना केवल सरकार या प्रशासन का कार्य नहीं, अपितु प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

### स्वच्छता की ली शपथ

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों ने विधिवत स्वच्छता शपथ ग्रहण की। सभी ने संकल्प लिया कि वे न स्वयं गंदगी करेंगे और न ही दूसरों को कचरा फैलाने देंगे। कचरे को केवल नियत स्थान व डस्टबिन में ही डालेंगे। गीले और सूखे कचरे का उचित पृथक्करण (सेग्रीगेशन) सुनिश्चित करेंगे। अपने घर, स्कूल व आसपास के परिसर को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय योगदान देंगे। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सुलेखा चौरसिया, महेश पड़ौती, हीरा गजभिए, रितु मंडावी, गजेंद्र तामेश्वर, शैलेंद्र देवांगन, अंजनी सोनी, सविता सलामे, संतोष निर्मलकर, देवेंद्र साहू, कमलेश देवांगन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार के इस प्रयास से छात्र-छात्राओं में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक दायित्व की भावना सुदृढ़ हुई।

# कलकसा में बिहान समूह की वार्षिक आमसभा संपन्न




डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के तहत आज ग्राम पंचायत कलकसा में वार्षिक आम सभा की बैठक का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की तैलीय चित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। सभा में मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमति उमा विनोद धुर्वे, ग्राम प्रमुख नरोत्तम सिंह कुंजाम, सरपंच प्रतीनिधि विनोद धुर्वे रहे। इस बैठक में कलकसा और आस-पास के क्षेत्रों से सक्रिय बिहान समूहों की दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने समूहों को आत्मनिर्भर बनाने, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने और महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत कर उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने के संकल्प को दोहराया।महिलाओं की भारी उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साहइस वार्षिक आम सभा की खास बात महिलाओं की भारी उपस्थिति रही। बैठक में दीदियों को उन्नत कृषि, सब्जी उत्पादन, और जैविक खेती जैसे रोजगारोन्मुखी कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। क्लस्टर पदाधिकारियों द्वारा समूहों के खातों का लेखा-जोखा और वित्तीय प्रबंधन की जानकारी भी दी गई।

बैठक के अंत में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमति उमा विनोद धुर्वे और बिहान कैडर्स ने उपस्थित सभी दीदियों का आभार व्यक्त किया और समूहों के बेहतर संचालन के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में आरबीके मोना पटेल, एफएलसी आरपी ममता साहू, पोषण सखी यमुना यादव, गुणी साहू, हिमेश बग्गा, सुरजौतीन, टिनम साहू, सोनल, पूजा, धनेश्वरी नेताम, गिरजा साहू, हिंरोदी, उतरा, रेवती, सरोज आदि महिला समूह के लोग अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता टोमन साहू ने पूजा-अर्चना कर 47वें पारंपरिक बैल दौड़ प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



डोंगरगांव (दावा)। अमलीडीह में विगत 47 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही ऐतिहासिक बैल दौड़ प्रतियोगिता का इस वर्ष भी पोला पर्व के शुभ अवसर पर भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता टोमन साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का आगाज किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता टोमन साहू ने उपस्थित जनसमूह को पोला पर्व की बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति, परंपरा और कृषि जीवन में पोला त्यौहार का विशेष महत्व है। बैल दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं हमारी ग्रामीण परंपराओं को जीवित रखने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करती हैं। 47 वर्षों की यह निरंतरता अमलीडीह वासियों के सांस्कृतिक प्रेम और एकजुटता का प्रमाण है।

कार्यक्रम के दौरान बैल जोड़ियों की सजावट और ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचे। आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि टोमन साहू का आत्मीय स्वागत किया। पूजा-अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर बैल दौड़ की औपचारिक शुरुआत की गई।

# धूमधाम से संपन्न हुआ दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

### मेधावी बच्चों का हुआ सम्मान, निकली भव्य शोभायात्रा

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय नगर यादव समाज डोंगरगांव द्वारा प्रतिवर्षानुसार भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम, भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दो दिवसीय यह भव्य धार्मिक आयोजन यादव समाज भवन डोंगरगांव में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की स्थापना से तथा मध्य रात्रि में जन्मोत्सव का पावन पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया। वहीं दूसरे दिवस प्रातः10 बजे से विशेष हवन-पूजन संपन्न हुआ। जिसमें समाज बंधुओं ने



आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

### प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान व प्रोत्साहन

समारोह के दौरान समाज के होनहार विद्यार्थियों मेघा यादव, हर्ष यादव एवं पायल यादव को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए मंचासीन अतिथियों द्वारा शील्ड व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीनारायण गुप्ता की ओर से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उच्च अंक प्राप्त करने पर प्रोत्साहन स्वरूप सुनिश्चित नकद राशि भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान यादव समाज के वरिष्ठजनों का विशेष मार्गदर्शन रहा। जिनमें प्रमुख रूप से ब्रह्मा यादव, साधु यादव, संतोष यादव, संजय यादव, लुनकरण यादव, अनिल यादव, परमानंद यादव, रामशरण यादव, बंशी यादव सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे. सम्मान समारोह के पश्चात विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### नगर भ्रमण पर निकली भव्य शोभायात्रा, बस स्टैंड में हुआ समापन

यादव समाज भवन से भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ हुई जो कि मुख्य मार्ग होते हुए बीटीआई रोड, पुराना थाना, किलापारा एवं सदर लाइन होते हुए फौव्वारा चौक पहुंची और वहां से मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड में जाकर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। डीजे की धुन, पारंपरिक राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुतियों और भगवान के नयनाभिराम डोले के साथ निकली इस शोभायात्रा का पूरे मार्ग में नगरवासियों व व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और शीतल पेय पिलाकर आत्मीय स्वागत किया। पूरा नगर जय यादव, जय माधव और श्रीकृष्ण कन्हैया लाल की जय के जयकारों से गुंजायमान रहा. नगर यादव समाज डोंगरगांव के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले समस्त स्वजातीय बंधुओं, माताओं-बहनों, अतिथियों, पुलिस-प्रशासन और नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने किया शिक्षकों का सम्मान

### शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का समावेश आवश्यक : लाल जे.के. वैष्णव

छुईखदान (दावा)। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, छुईखदान के मेडिटेशन हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व पूजन-अर्चन के साथ हुआ। जिसके बाद कु. स्वाति द्वारा स्वागत गीत एवं एकल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खैरागढ़ कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रो. लाल जे.के. वैष्णव, विशिष्ट अतिथि राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मोहन जंघेल तथा सेंटर प्रभारी बीके भोजभारती बहन विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

### मन की शांति के लिए अध्यात्म जरूरी : बीके भोजभारती

सेंटर प्रभारी बीके भोजभारती ने अपने संबोधन में कहा कि श्रेष्ठ व्यवहार और जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए हर व्यक्ति को आत्मचिंतन हेतु समय निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली के निर्माण के लिए अध्यात्म से जुड़ना आज के दौर में नितांत आवश्यक है।

### युवाओं में नैतिक मूल्यों की कमी पर जताई चिंता

मुख्य अतिथि लाल जे.के. वैष्णव ने मां को प्रथम गुरु बताते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। साथ ही, वर्तमान संचार क्रांति के दौर में युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों और संस्कारों की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए माता-पिता से अपने पारंपरिक दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि मोहन जंघेल ने कहा कि शिक्षक उस दीपक



के समान है जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन से अज्ञान का अंधकार मिटाता है। उन्होंने गुरु बिन ज्ञान नहीं, शिक्षा बिना जीवन नहीं के महत्व को प्रतिपादित किया। समारोह में अतिथियों सहित उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों को शांति साफा, स्मृति चिन्ह, ज्ञानामृत पुस्तिका एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से प्रो. लाल जे.के. वैष्णव (सेवानिवृत्त प्राध्यापक), मोहन जंघेल (राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक), डॉ. सियाराम साहू, संजीव धुर्वे (प्रधान पाठक), राम जगदीश देवांगन (प्रधान पाठक), संध्या महोबिया (प्रधान पाठक), कुंभ लाल जंघेल (शिक्षक), अश्वनी साहू (शिक्षक), सुनील उपाध्याय (शिक्षक), सुनीता सोनी एवं पिंकी राजपूत शामिल रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन बीके भोजभारती बहन ने किया एवं आभार प्रदर्शन बीके चंद्रप्रभा बहन द्वारा किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने ब्रह्माकुमारी बहनों के इस प्रेरक आयोजन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# ग्राम हरडुवा में भक्तिभाव से संपन्न हुआ राम नाम सप्ताह, धूमधाम से मना पारंपरिक पोला पर्व



घुमका (दावा)। समीपस्थ ग्राम हरडुवा में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से राम नाम सप्ताह एवं लोकपर्व पोला का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के तहत 24 घंटे तक अखंड संकीर्तन व भजन-कीर्तन का दौर चला। इस दौरान गांव की भजन मंडलियों और ग्रामीणों ने भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। ग्रामीण रोहित वर्मा ने बताया कि यह पारंपरिक धार्मिक आयोजन क्षेत्र में अच्छी वर्षा, उत्तम फसल उत्पादन और गांव में स्थायी शांति व खुशहाली की मंगलकामना के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व पोला भी पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। किसानों ने कृषि कार्य में सहयोगी बैलों और नंदी बैलों का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन किया और उन्हें भोग अर्पित किया। घरों में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी और चीला बनाए गए। वहीं बच्चों ने मिट्टी व लकड़ी से बने नंदी बैलों (पोरा) को दौड़ाकर पर्व का आनंद लिया। इस दोहरे पावन अवसर पर ग्राम सरपंच गंगेश्वर वर्मा, उपसरपंच डॉ. ऋषि वर्मा, मीडिया प्रभारी तोषण सिन्हा, रोहित वर्मा, राजू वर्मा, बिसे वर्मा, तुलसी वर्मा, यादेश वर्मा, चाहत वर्मा, एवन वर्मा, बिजे वर्मा, शरद वर्मा, राजा लिल्हारे, बाला वर्मा, मन्नू वर्मा, गौतम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहर सहित अंचल भर पोला पर्व की बिखरी रही छटा, बैल दौड़ प्रतियोगिता में सरपट दौड़े पोला के बैल

राजनांदगांव (दावा)। भादों मास की अमावस्या तिथि को शहर सहित पूरे अंचल भर में पोला पर्व उल्लास बिखरा रहा। लोगो ने शिव भगवान की सवारी नंदी देवता की पूजा कर पोला का पर्व लोक उल्लास और उमंग के साथ मनाया। पोला पर्व पर शहर के विभिन्न स्थानों में बैल दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित रही। वहीं युवकों ने नारियल फेंक स्पर्धा भी आयोजित कर आनंद उठाया। पोला के दिन शाम को अच्छी बारिश भी हुई। चिखली, गंज चौक, लखोली में आयोजित बैल दौड़ प्रतियोगिता में भीगते पानी में भी बैलों ने सरपट दौड़ लगाई। इस दौरान पानी में बैलों के इधर उधर बिदकने से लोगों का मनोरंजन का कारण बना रहा।

पारों के किसान मनोहर साहू ने बताया कि पोला पर्व के दिन हमारे किसानी काम में साथ देने वाले बैलों को सुबह से नहला-धुलाकर उसे सजाया संवारा गया और नंदी भगवान के रूप में पूजा की गई। वहीं बाजार से खरीद कर लाए गए मिट्टी के बने पोरा-जांता की पूजा कर उसमें मीठी रोटी चढ़ाकर उसे बच्चों को खेलने के लिए दे दिए। कथाकार मानसिंह मौलिक ने बताया कि सनातन हिन्दू धर्म में बैल को साक्षात धर्म का अवतार माना गया है। चारों युग उसके पैरों पर टिके हैं। पोला पर्व पर धर्म के स्वरूप नंदी बैल को घुमाया भी जाता है जिसका दर्शन कर लोग धन्यता का अनुभव किया और दान-दक्षिणा अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किए। किसानों ने नंदिया बैलों की पूजा कर अच्छी की कामना की। इस दौरान घर परिवार सहित गांव घरों में पर्व की खुशियां बिखरी रही।

### बाजार में जमकर बिके पोरा-जांता खिलौने

पोला पर्व को लेकर बाजार में पिछले कई दिनों तक रौनक बनी रही। लोगो ने पर्व से संबंधित चीजों की जमकर खरीदारी की। बाजार में मिट्टी व लकड़ी से बने नंदी बैल व पोरा -जांता खिलौने की खासी मांग बनी रही। बच्चों में पोला पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।पोला के दिन बच्चे जहां नादिया बैल में चक्के लगाकर सड़कों में घुमा कर मज़ा लिए वही लड़कियों ने



पर्व को लेकर लोगों में रहा उल्लास, नंदी भगवान की हुई पूजा-आराधना

मिट्टी के बर्तन पोरा-जांता में रसोई बनाने के खेल में रमी रही। बता दें कि पोला त्योहार में घरों में बनाई गई सुस्वादु व्यंजन रोटियों को लेकर अपने बहन बेटियों को तीजा लिवा लाने की परंपरा है। पोला त्योहार से तीजा लाने का कार्य शुरू हो जाएगा। इससे बस, ट्रेनों में भीड़ बढ़नी शुरू हो जाएगी।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता में रहा मेले जैसा माहौल

पोला पर्व गांव सहित शहरों में भी बैल दौड़ प्रतियोगिता की धूम रही। गंज चौक में तो मेले जैसा माहौल रहा। इस बार आयोजन स्थल बाल समाज द्वारा बैल जोड़ी व एकल बैल की अलग अलग स्पर्धा कराई जिसे देखने लोगों की भारी भीड़ रही। इसी तरह लखोली में भी पुराने पुलिस चौकी से सतनामी पारा के जैतखाम तक बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग उमड़े रहे। पार्षद प्रतिनिधि संतोष निर्मलकर ने बताया कि बैल दौड़ में प्रथम आने वाले बैलों को कृषि उपकरण व नगद राशियों से सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहर में चिखली, हल्दी वार्ड व अन्य स्थानों सहित गांव देहातों में भी में बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजन की धूम बनी रही। लोगो ने हंसी-खुशी के साथ पोला पर्व मनाया और पर्व के उपलक्ष्य में घरो में बनाए गए विशेष पकवान का लुत्फ़ उठाते हुए पर्व का आंनद लिया।

## बाल समाज बैल दौड़ प्रतियोगिता में धनुष सोनकर की बैल जोड़ी प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। गंज चौक में इस बार भी बाल समाज द्वारा पोला पर्व पर बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 22 बैल जोड़ियो ने भाग लिया और बरसते पानी में भी लखोली नाका चौक से तिरंगा चौक गंज लाइन तक सरपट दौड़ लगाकर प्रथम इनाम सहित अन्य पुरस्कार जीते। बाल समाज के अध्यक्ष नीरज पोरवाल, दामू भूतड़ा, सूर्यकांत जैन मनीष खंडेलवाल आदि ने बताया कि बैल दौड़ प्रतियोगिता में नंदई निवासी धनुक सोनकर की बैल जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

दामू भूतड़ा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के परंपरागत त्यौहार पोला पर्व पर बैल दौड़ का आयोजन विगत 90 वर्षो से लगातार बाल समाज गणेश उत्सव समिति परिवार एवं गंज लाइन व्यवसायी इस आयोजन को अनवरत करते आ रहे हैं। वही आयोजन समिति के सूर्यकांत जैन ने कहा कि पोला मेले पर बैल दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन शहरवासियों के लिए किया जाता है, इस दिन कृषि कार्य में उपयोग होने वाले सभी साधनों का औजारों का एवं पशुधन की पूजा करते हुए इस त्यौहार को पूरे उत्साह और आनंद के साथ गंज लाइन में मनाया गया। जिसमें धनुष कुमार सोनकर नंदई निवासी की बैल जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरी बैल दौड़ को रोमांचित किया। सभी प्रतिभागी पशुधन के मालिकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बाल समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष नीरज पोरवाल सहित दामू भूतड़ा, मोहन कैलाश राठी, मुन्ना अग्रवाल, शिव राठी, लाली जैन, राजीव जैन, गोपू शर्मा, मनीष खंडेलवाल सहित युवा साथियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

# शराब प्रेमियों की जेब पर डाका पड़ा भारी : खुज्जी मदिरा दुकान में ओवररेटिंग का भंडाफोड़

- आबकारी सब-इंस्पेक्टर तत्काल प्रभाव से सस्पेंड, सेल्समैन पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज
- राज्य स्तरीय उड़नदस्ते ने डमी ग्राहक भेजकर किया स्टिंग, प्रति पाव की जा रही थी अवैध वसूली

डोंगरगांव (दावा)। शासकीय शराब दुकानों में एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) से अधिक कीमत वसूलने के गोरखधंधे पर आबकारी विभाग ने बड़ा प्रहार किया है। क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुज्जी स्थित शासकीय कंपोजिट मदिरा दुकान में निर्धारित दर से अधिक दाम पर शराब बेचने का मामला उजागर होने के बाद आबकारी उपनिरीक्षक (दुकान प्रभारी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, मनमानी दर पर शराब बेच रहे विक्रेता (सेल्समैन) के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की सरकारी शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों से ओवररेटिंग की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं, लेकिन स्थानीय स्तर पर केवल खानापूर्ति की जा रही थी। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए राज्य स्तरीय उड़नदस्ता रायपुर की टीम ने औचक निरीक्षण की योजना बनाई।

### डमी ग्राहक भेजकर पकड़ा फर्जीवाड़ा

राज्य स्तरीय उड़नदस्ता रायपुर की टीम ने 3 सितंबर को खुज्जी स्थित मदिरा दुकान पर आकस्मिक दबिश दी। ओवररेटिंग की पुष्टि के लिए टीम ने छद्म क्रेता (डमी ग्राहक) भेजा। जिसने तीन अलग-अलग चरणों में मदिरा की खरीदी की। शासन द्वारा निर्धारित 80 रुपये प्रति पाव (सुपर 36 देशी मदिरा प्लेन) के मान से 6 पाव के तय 480 रुपये की जगह 500 रुपये वसूले गए। पुनः परीक्षण के तहत 17 पाव की खरीदी पर निर्धारित 1,360 रुपये के स्थान पर 1,500 रुपये लिए गए। कुल 23 पाव मदिरा पर तय दर 1,840 रुपये की जगह 2,000 रुपये वसूल कर 160 रुपये की अवैध अतिरिक्त उगाही मौके पर ही प्रमाणित पाई गई।

### विक्रेता पर अपराध दर्ज, उपनिरीक्षक सस्पेंड

अनियमितता व अवैध वसूली रंगे हाथों प्रमाणित होने पर विक्रेता होरी लाल देवांगन के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 39(ग) के तहत मामला दर्ज किया गया। उड़नदस्ते के प्रतिवेदन के आधार पर आबकारी आयुक्त पदुम सिंह अल्मा ने 7 सितंबर को कड़ा आदेश जारी किया। प्रभार क्षेत्र में गंभीर लापरवाही, उदासीनता और नियंत्रण के अभाव को सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए वृत्त प्रभारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग नियत किया गया है।

# संगीत नगरी में पोला पर्व पर दिखा रोमांच : फतेह मैदान में दौड़ीं 48 बैल जोड़ियां, उमड़ा जनसैलाब

### अमलीडीहखुर्द के ईमरान खान की जोड़ी रही अव्वल; मैत्री फुटबॉल मैच में खैरागढ़ ने डोंगरगढ़ को 2-0 से हराया



खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी के ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान में गुरुवार को परंपरा, खेल और रोमांच का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पोला उत्सव समिति एवं न्यू दंतेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 43 वर्षों से चली आ रही पारंपरिक बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बारिश के व्यवधान के बावजूद खैरागढ़ नगर सहित केसीजी जिले और आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में दर्शक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने पहुंचे।

आयोजन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत केसीजी के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता विकेश गुप्ता, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामाधार रजक, मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, पार्षद विनय देवांगन, रूपेंद्र रजक, देवीन कोठले, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह 'बोनी', मंडल महामंत्री ऋषभ सिंह, शहर भाजयुमो अध्यक्ष अनीश सिंह 'दादू', नंद चंद्राकर व डोरेलाल साहू सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैल दौड़ प्रतियोगिता से पूर्व न्यू दंतेश्वरी स्पोर्टिंग क्लब खैरागढ़ और एनएफसी डोंगरगढ़ के बीच रोमांचक मैत्री फुटबॉल मैच खेला गया। मैच में खैरागढ़ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए डोंगरगढ़ को 2-0 से शिकस्त दी। टीम की ओर से शिवांश बहादुर सिंह और शशांक श्रीवास्तव ने विजयी गोल दागे।

### 48 बैल जोड़ियों के बीच मुकाबला, अमलीडीहखुर्द के ईमरान खान प्रथम

फुटबॉल मुकाबले के बाद अतिथियों द्वारा बैल जोड़ियों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। हिंगलाज ट्रेडिंग के संचालक नीरज खत्री की ओर से सभी धावकों को टी-शर्ट भेंट की गई। इसके उपरांत डीएसपी रूपेश डांडी ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रतियोगिता में छुईखदान, घुमका (राजनांदगांव) सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 48 जोड़ियों ने दमखम दिखाया। कड़े मुकाबले में अमलीडीहखुर्द के ईमरान खान की बैल जोड़ी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जिन्हें 11 हजार रुपये नगद व कृषि सामग्री दी गई। दूसरा स्थान मुस्का के श्याम साहू (7 हजार रुपये व कृषि सामग्री) और तीसरा स्थान अमलीडीहखुर्द के बिट्टू खान (5 हजार रुपये व कृषि सामग्री) ने हासिल किया। वहीं बैल सज्जा में धरमपुरा के राजू सिन्हा को प्रथम (3100 रुपये व कृषि उपकरण) तथा स्व. अमरजीत सिंह की स्मृति में उनके पुत्र अर्पित सिंह द्वारा प्रदत्त स्वस्थ बैल जोड़ी का पुरस्कार पिपरिया के छोटा खान (3100 रुपये व कृषि उपकरण) को दिया गया। समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता डॉ. यशेश ठाकुर की ओर से सभी प्रतिभागी जोड़ियों को नगद सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि 43 वर्षों से अनवरत चल रहा यह आयोजन खैरागढ़ की सांस्कृतिक पहचान है, जो आधुनिक दौर में भी लोक परंपराओं को जीवंत बनाए हुए है। नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर ने भी मशीनी युग में पशुधन संरक्षण और इस भव्य परंपरा के निर्वहन के लिए आयोजन समिति की सराहना की।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद, दिवंगत डॉ. मिश्रा के परिजनों का सम्मान

एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के मार्गदर्शन एवं डीएसपी रूपेश डांडी के नेतृत्व में आयोजन स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। डीएसपी चंद्रा, एसडीओपी आशारानी, टीआई अनिल शर्मा, एसआई मिंज, बनाफर व बिल्किस सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान समिति के दीर्घकालिक सहयोगी रहे स्व. डॉ. महेश मिश्रा के परिजनों तथा जर्मनी से पहुंचे उनकी सुपुत्री व दामाद का विशेष सम्मान किया गया।कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, सूर्यकांत यादव, कोमल वर्मा, गिरीश सारथी सहित समिति अध्यक्ष सुशीलकांत पांडे, सचिव प्रबल खत्री, कन्हैया पटेल, जमीर कुरैशी, सुभाष चावड़ा, कोषाध्यक्ष शुभम ठाकुर, अभिलेख सिंह, शिवांश बहादुर सिंह, हर्षदीप सिंह, अखिल सिंह, सचिन पटेल, राहुल सिंह, अमन यादव, सितांशु गुप्ता व आकाश चौहान सहित पूरी टीम का आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

# तीजा-पोला पर्व पर कोसरिया यादव समाज ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से की भेंट

छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी खुरमी बरा खिलाकर बघेल का किया मुंह मीठा



राजनांदगांव (दावा)। गौ-सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व जिला कोसरिया यादव समाज के प्रमुख मन्ना यादव ने तीजा-पोला पर्व के उपलक्ष्य में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट की और पीला गमछा कहना कर उन्हें पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान कोसरिया यादव समाज के प्रमुख पदाधिकारी श्री यादव सहित प्रदेश उपाध्यक्ष, हरीश यादव जिला युवा अध्यक्ष, भोला यादव आदि उपस्थित थे। गौ-सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष श्री यादव ने श्री बघेल से मुलाक़ात कर न केवल उन्हें छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी खुरमी व बरा खिलाया। गत दिनों संस्कारधानी नगरी में दो दिनों तक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की विस्तृत जानकारी दी और छत्तीसगढ़ महतारी सहित यादव समाज के आराध्य भगवान श्री कृष्ण की मनोहारी चित्र व छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से संबंधित कैलेंडर भेंट की। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कोशरिया यादव समाज के लोगों को छत्तीसगढ़ी लोक पर्व तीजा-पोरा सहित आगामी श्री गणेश चतुर्थी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# रॉयल कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल कॉलेज लालबाग राजनांदगांव में 7 सितंबर को शिक्षक दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आई.के. वैष्णव बरसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों सहित बीएड., बीएससी एवं बी.कॉम. के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि अशोक चौधरी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में शिक्षक दिवस के महत्व, शिक्षा की भूमिका तथा विद्यार्थियों के जीवन में गुरु के मार्गदर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं होता। बल्कि वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाला मार्गदर्शक होता है।





उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का सम्मान करते हुए निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने गुरु-शिष्य संबंधों के महत्व को समझते हुए अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह का वातावरण प्रेरणादायी, उत्साहपूर्ण एवं उल्लासमय रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती इला सिंह (एडवाइजर), डॉ. यामिनी साहू उप-प्राचार्य, डॉ. संध्या महोबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. मोहबे, श्रीमती शशिकला सिंह ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उत्साहवर्धन किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 3 घंटे में गिरफ्तार, भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बसंतपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को धर दबोचा। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह ने बताया कि प्रार्थियां ने बुधवार, 9 सितंबर को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चौखड़िया पारा निवासी करण यादव (21 वर्ष) पिता ओमप्रकाश यादव ने पीड़िता के नाबालिग होने की जानकारी के बावजूद उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके चलते पीड़िता गर्भवती हो गई।



### कानूनी शिकंजे से बचने के लिए किया विवाह

जांच में यह बात सामने आई कि जब पीड़िता के गर्भवती होने की बात उजागर हुई, तब आरोपी ने कानूनी कार्रवाई और सजा से बचने के उद्देश्य से 9 सितंबर 2026 को पीड़िता से विवाह कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर बसंतपुर पुलिस ने धारा 65(1), 87 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं धारा 4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### एसपी के निर्देश पर दबिश, 3 घंटे में शिकंजे में आया आरोपी

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए घटना की जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा को दी गई। एसपी के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम का गठन कर आरोपी के संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी गई। घेराबंदी कर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के तीन घंटे के भीतर ही आरोपी करण यादव को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने के बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

***पुतिन-जिनपिंग के लिए दिल्ली में अभेद्य सुरक्षा घेरा,...***

होटल और होटल से भारत मंडपम तक आने-जाने के रास्ते दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने तय कर लिए हैं। इन रूट पर सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए कई बार रूट रिहर्सल भी की जा चुकी है। पुतिन और जिनपिंग के काफिले ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान सबसे बड़े काफिलों में शामिल हो सकते हैं। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरे रूट पर कड़ी निगरानी रखेंगी। होटल और भारत मंडपम के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान दिल्ली में सुरक्षा और ट्रैफिक दोनों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के कार्यक्रम और आवाजाही में किसी तरह की परेशानी न हो।

***पुनर्निर्माण के लिए चाहिए 4.74 अरब डॉलर, 1,377 मौतें,....***

पुल पूरी तरह बह गए। चार अन्य पुलों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इलाकों में मौजूद 64 सस्पेंशन पुलों में से 53 भी क्षतिग्रस्त हो गए। परिवहन ढांचे की बहाली पर करीब 73.343 अरब नेपाली रुपये यानी 481 मिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है। बाढ़ का असर रसुवा, नुवाकोट, धाडिंग, गोरखा और चितवन जिलों में बड़े पैमाने पर देखने को मिला है। इन इलाकों में 7,570 निजी घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 48 सरकारी इमारतें, 18 स्कूल, सात स्वास्थ्य केंद्र और 30 सांस्कृतिक धरोहर स्थल भी प्रभावित हुए हैं। सरकार के आकलन के अनुसार, सामाजिक क्षेत्र को दोबारा खड़ा करने में करीब 103.55 अरब नेपाली रुपये की जरूरत होगी। बाढ़ ने सिर्फ बुनियादी ढांचे को ही नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर पड़ा है। करीब 1,806 हेक्टेयर कृषि भूमि, 17 बैंक शाखाएं और 4,800 व्यावसायिक प्रतिष्ठान प्रभावित हुए हैं। उत्पादक क्षेत्र की बहाली के लिए करीब 50.775 अरब नेपाली रुपये की जरूरत का अनुमान है। पांच जिलों की 15 प्रभावित स्थानीय सरकारों में नुवाकोट की बिदुर नगर पालिका सबसे ज्यादा प्रभावित रही, जहां 3,026 घरों को नुकसान पहुंचा।

***पीएम मोदी की चिनफिंग के साथ होगी खास मुलाकात,...***

जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने लोगों के आपसी संपर्क और वीजा संबंधी मुद्दों को सामान्यीकरण का अहम हिस्सा बताया। उधर, चीन की तरफ से भारत के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को मजबूत बनाने की कोशिश साफ दिख रही है। इसका संकेत चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में यात्रा से पहले प्रकाशित आलेखों से भी मिलता है। चीनी पक्ष व्यापार को 'परस्पर लाभकारी और जीत-जीत वाला' बता रहा है तथा भारतीय बाजार में चीनी कंपनियों के लिए निष्पक्ष माहौल की मांग कर रहा है। भारत के लिए बड़ी चिंता यह है कि चीन के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है, जबकि चीन भारतीय निर्यात के लिए अपने बाजार पर्याप्त रूप से नहीं खोल रहा। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार करीब 151 अरब डालर रहा, जिसमें भारत का व्यापार घाटा लगभग 112 अरब डालर दर्ज किया गया। भारत का चीन से आयात 131 अरब डॉलर से अधिक रहा, जबकि निर्यात महज करीब 19.5 अरब डालर का था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ लगभग 30 सेकंड का एक वीडियो इंस्टाग्राम, एक्स और अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर किया। इसमें ब्रिक्स सम्मेलन के आयोजन स्थल सजे-धजे भारत मंडपम और सम्मेलन की तैयारियों की झलकियां दिखाई गई हैं। मोदी ने पोस्ट में लिखा, 'ब्रिक्स-2026 के लिए सब तैयार!' वीडियो में भारत मंडपम काम्प्लेक्स के आर्किटेक्चर का विवरण, उसके डिजायन की बारीकियां, सजावट, सम्मेलन कक्ष, मुख्य इमारत के सामने लगी नटराज की ऊंची प्रतिमा और भारत व अन्य देशों के झंडे दिखाए गए हैं।

***बीजेपी की नई संगठन टीम में बड़े बदलाव : 7 मोर्चों के प्रभारी घोषित***

अल्पसंख्यक मोर्चो तक नई जिम्मेदारियां तय किए जाने से संकेत मिलता है कि बीजेपी संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने पर फोकस कर रही है। खास तौर पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और पंजाब जैसे राज्यों में संगठनात्मक मजबूती पार्टी की चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकती है। नई टीम के जरिए कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय, बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और विभिन्न सामाजिक समूहों तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। बीजेपी के संगठन में हुए इन बदलावों को सिर्फ पदों के फेरबदल के तौर पर नहीं देखा जा रहा है। अलग-अलग मोर्चों के लिए वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी बनाकर पार्टी ने सामाजिक समीकरणों और जमीनी संगठन पर अपना फोकस स्पष्ट किया है। राष्ट्रीय अध्यक्षों और प्रभारियों की नई टीम अब अपने-अपने मोर्चों के जरिए संगठनात्मक गतिविधियों को गति देगी। ऐसे में आने वाले समय में बीजेपी की चुनावी रणनीति में इन मोर्चों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो सकती है।

***आईआरसीटीसी होटल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू,....***

राज्यसभा के पूर्व सांसद प्रेमचंद गुप्ता, उनकी पत्नी सरला गुप्ता, सुजाता होटल्स के निदेशकों विनय कोचर और विजय कोचर के खिलाफ भी मनी लॉन्ड्रिंग के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है। जांच एजेंसियों का दावा है कि फर्जी कंपनियों के माध्यम से इस बेनामी लेन-देन को अंजाम दिया गया था।

**दामाद राहुल यादव समेत 7 आरोपियों को मिली बड़ी राहत :** मामले की सुनवाई करते हुए विशेष अदालत ने सबूतों के अभाव में लालू यादव के दामाद राहुल यादव, गौरव गुप्ता, नाथमल कंकारिया, विजय त्रिपाठी, डीएन तुलस्यान, राजीव रेलन और अभिषेक फाइनेंस को केस से मुक्त कर दिया है। अदालत ने पाया कि इन व्यक्तियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के सीधे सबूत पर्याप्त नहीं थे। दूसरी ओर, लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया है। उनके वकीलों की ओर से दलील दी गई कि टेंडर प्रक्रिया पारदर्शी थी और इस मामले में कोई अवैध लेन-देन नहीं हुआ है। हालांकि, कोर्ट द्वारा आरोप तय किए जाने के बाद अब इस केस में नियमित सुनवाई और गवाही की प्रक्रिया शुरू होगी।

***जनकल्याण और जनभागीदारी का व्यापक...***

की डिजिटल मॉनिटरिंग की जाएगी। जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनकी साप्ताहिक समीक्षा कर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शिविर आयोजित होने से पहले ही संबंधित क्षेत्र के संभावित पात्र हितग्राहियों की पहचान की जाए, ताकि शिविर के दौरान उन्हें योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिविरों की जानकारी पहले से गांवों और नागरिकों तक पहुंचाई जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग इनमें शामिल हो सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले रोजगार मेलों को भी सेवा संकल्प अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि युवाओं से आवेदन प्राप्त कर रोजगार के अवसरों से जोड़ने की प्रक्रिया प्रभावी ढंग से पूरी की जाए और चयनित युवाओं को शिविरों में नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएं।

**आंगनबाड़ियों में पोषण और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर :** 'आंगन मिलन' कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, 'मेरी पौष्टिक थाली', चित्रकला प्रतियोगिता, न्योता भोज तथा फल एवं मिठाई वितरण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने पोषण चौपालों में अधिक से अधिक माता-पिता की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महतारी वंदन योजना का लाभ लेकर अपने जीवन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए खिलौने उपलब्ध कराने में सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में भी नागरिकों को आंगनबाड़ियों में बच्चों के उपयोग के लिए खिलौने भेंट करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रदेश के शासकीय, निजी और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों, शाला प्रबंधन समितियों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने शाला प्रबंधन समितियों को इन कार्यक्रमों से सक्रिय रूप से जोड़ने के निर्देश दिए। 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को नुक्कड़ नाटकों जैसी रचनात्मक गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। विशेष उपलब्धि प्राप्त दिव्यांग बच्चों को अपने हुनर और प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

**रक्तदान, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ेगी जनभागीदारी :** 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तदान, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता तथा जनसरोकार से जुड़ी 25 से अधिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। नदी घाटों की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रमों के बाद भी स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए स्थानीय स्तर पर समितियां गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली स्वच्छता गतिविधियों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा।

**'एक पेड़ मां के नाम' के तहत होगा वृक्षारोपण :** मुख्यमंत्री श्री साय ने अभियान के दौरान किए जाने वाले वृक्षारोपण को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरचनाओं, सार्वजनिक स्थलों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर व्यापक वृक्षारोपण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 अक्टूबर को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। इस वर्ष प्रदेश में 2.5 करोड़ पौधे लगाने के निर्धारित लक्ष्य को भी पूरा किया जाएगा।

**विकास के प्रतीक स्थलों को भी जनभागीदारी से जोड़ें :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान की वास्तविक सार्थकता तभी होगी, जब इसकी गतिविधियों का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचे। स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंद को उपचार मिले, पात्र परिवार योजनाओं से जुड़े, युवाओं को रोजगार मिले, बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले और स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में समाज की सक्रिय भागीदारी बढ़े। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टरों और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान को पूरी संवेदनशीलता और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ संचालित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि जनकल्याण से जुड़ी गतिविधियों का अधिकतम लाभ प्रदेशवासियों तक पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

***सीएम साय का निर्देश : जोखिमपूर्ण भवनों की जांच...***

अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों पर तत्काल अमल शुरू किया जाए तथा जिलों में की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को अवैध एवं मिलावटी शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आबकारी विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिन क्षेत्रों अथवा स्थानों पर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री या मिलावट की आशंका हो, वहां संयुक्त टीमों के माध्यम से छापेमारी की जाए। उन्होंने पुलिस और आबकारी विभाग को सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान करते हुए संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण अथवा मिलावट में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# ‘सेवा संकल्प अभियान’ की तैयारियों के बीच योजनाओं की समीक्षा : प्रभारी कलेक्टर ने दिए लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**सड़क सुरक्षा, किसान रजिस्ट्री, ई-ऑफिस और विद्यार्थी छात्रावास भवनों की सुरक्षा पर विशेष फोकस**

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रेमकुमार पटेल ने सभी विभागों के कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। प्रभारी कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं के निराकरण और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के कड़े निर्देश दिए।

0 सेवा संकल्प अभियान के तहत होंगी 12 प्रमुख पहलें

बैठक में बताया गया कि विकसित भारत 2047 के संकल्प और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महीने भर चलने वाले सेवा संकल्प अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के अंतर्गत ‘आशीर्वाद का दीया’, ‘25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत’, ‘नमो सेवा गाथा’, ‘आंगन का उत्सव’, ‘कहानी बदलाव की’, ‘सेवा ज्योति यात्रा’, ‘सेवा मेरा योगदान’ और ‘सेवा सेतु, सरकार आपके द्वार’ सहित कुल 12 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी गतिविधियों का फोटो-वीडियो दस्तावेजीकरण और नियमित रिपोर्टिंग अनिवार्य होगी।

सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए अब प्रत्येक माह सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित होगी। सड़कों पर आवारा व घुमंतू मवेशियों के कारण होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान एग्रीस्टैक पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्री प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि पीएम-किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान को मिल सके। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के लिए ई-ऑफिस व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करने तथा कर्मचारियों की नियमित बायोमीट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। हाल ही में भवन ढहने की घटनाओं के मद्देनजर नगरीय निकाय (सीएमओ) को निर्देशित किया गया कि जिला मुख्यालय में विद्यार्थियों के रहने वाले शासकीय-अशासकीय भवनों और छात्रावासों की सुरक्षा जांच कर आवश्यक कदम उठाएं। नियद नेल्लानार और पीएम जनमन योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए वनांचल व दूरस्थ अंचलों के पात्र हितग्राहियों तक त्वरित लाभ पहुंचाने पर बल दिया गया।

# शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया विद्यार्थियों ने



**महामानव बनना आसान है, किंतु एक सच्चा शिक्षक बनना बड़ा मुश्किल है - मिलेंद्र कुमार टेम्भुरकर**

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाई स्कूल डोंगरगढ़ में छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया।शाला के प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शाला के छात्रों द्वारा सर्वप्रथम शिक्षकों का नारियल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। छात्रों द्वारा कक्षा में जाकर विद्यार्थियों को अपने रुचिकर विषय का अध्यापन कार्य करवाया गया। उसके पश्चात छात्रों द्वारा भाषण व कविताएं प्रस्तुत किए गए।इस प्रतियोगिता में आयुषी सिंह प्रथम, अंशु सिंह द्वितीय व हिमांशी इंदुरकर को तृतीय स्थान मिला।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्कूल के विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे,सेवानिवृत्त शिक्षक मिलेंद्र कुमार टेम्भुरकर द्वारा अपने उदबोधन में शिक्षक दिवस के महत्व व विश्व में शिक्षक दिवस कब और क्यों मनाया जाता है तथा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन वृतांत पर अपने विचार रखें । कहा कि महा मानव बनना आसान है किंतु एक सच्चा शिक्षक बनना बड़ा मुश्किल है। शाला के प्राचार्य द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि उनके शिक्षकिय गुणों व वैज्ञानिक सोच हैके कारण उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य जी पी खै़रवार, शिक्षकगण,श्रीमती लक्ष्मीबाबिन वाला, श्रीमती रानू सिन्हा, लक्ष्मी रजक दुर्गेश वस्त्रकर व शाला के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कब्रस्तान कच्छियों का मजलिस मजहबी इंतजामिया कमेटी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में पुनः दर्ज हुआ

**मामला - ख्वाजा गरीब नवाज कॉम्प्लेक्स की भूमि के राजस्व अभिलेख में प्रविष्टि सुधार का**



डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ से खैरागढ़ जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज कॉम्प्लेक्स से संबंधित भूमि के राजस्व अभिलेख में प्रविष्टि सुधार के मामले में एसडीएम राजस्व न्यायालय ने आदेश जारी कर किया है। आदेश में जांच और उपलब्ध पुराने अभिलेखों के परीक्षण के बाद संबंधित भूमि के अभिलेख में कच्छियों का कब्रस्तान, मजलिस मजहबी इंतजामिया कमेटी की प्रविष्टि दर्ज करने की कार्रवाई के निर्देश राजस्व निरीक्षक को दिए गए हैं। मामला नजूल शहर डोंगरगढ़ की शीट क्रमांक- 03, खसरा नंबर 513,रकबा 0.80 (15.36 डिसमिल भूमि) से जुड़ा है। आवेदक जावेद मेमन एवं अन्य ने राजस्व अभिलेख में प्रविष्टि सुधार के लिए राजस्व न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले में तहसीलदार से जांच प्रतिवेदन मंगाया गया। पुराने राजस्व अभिलेख, खसरा बी-1 और उपलब्ध दस्तावेजों के परीक्षण के बाद 31 अगस्त 2026 को एसडीएम राजस्व डोंगरगढ़ ने आदेश पारित किया।

आदेश में संबंधित अभिलेख में उक्त प्रविष्टि दर्ज करने तथा आवश्यक अभिलेखीय सुधार की कार्वाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण में कहा गया है कि,वर्ष 1953 - 54 वर्ष 1986 से 89 तथा वर्तमान खसरा मेंटेनेंस नजूल, विद्वान अधिवक्ताओं के तर्क राजस्व निरीक्षक से प्राप्त स्पष्ट प्रतिवेदन में पंचनामा मय दस्तावेज आपत्ति कर्ता का जवाब आवेदक द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र अंतर्गत आदेश 18 नियम 4 आपत्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत आपत्ति आवेदक द्वारा प्रस्तुत आपत्ति का जवाब आवेदक का प्रति परीक्षण,अब्दुल रशीद फरीदी पिता स्वर्गीय श्याम मोहम्मद इसाक पिता महरूम मोहम्मद अनवर मेनन पिता स्वर्गीय मोहम्मद गफ्फार द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र अंतर्गत आदेश 18 नियम 4 के तहत तहसीलदार के प्रतिवेदन नजूल शहर डोंगरगढ़ के दंतेश्वरी पर सीट क्रमांक 3 के मेंटेनेंस खसरा के प्लॉट नंबर 265 के कालम 06 में प्रविष्ट कब्रस्तान इंतजामिया कमेटी मुस्लिम समाज रिमार्क कालम 09 में दर्ज कब्रस्तान मुसलमान का खसरा नंबर 513 रकबा 0.80 बिना किसी आदेश के अभिलेख में दर्ज किया गया है। जो त्रुटि पूर्ण है।अतः छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 अंतर्गत धारा 114 /115 के तहत तहसील के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए उक्त प्रविष्टि को विलोपित कर कब्रस्तान कच्छियों का मजलिस मजहबी इंतजामियां कमेटी दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया गया नजूल निरीक्षक डोंगरगढ़ को 15 दिवस के भीतर संधारण खसरा अद्यतन कर पालन प्रतिवेदन की प्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया।

न्यायालय का मानना है कि आपत्ति करता का यहां तरक्की यहां नामांतरण का मामला है तथा जो नाम परिवर्तन होकर मकान बड़ी खाली जगह एवं कब्रिस्तान इंतजामियां कमेटी मुस्लिम समाज तथा कब्रिस्तान मुसलमान का खसरा नंबर 513 लगभग 0.80 दर्ज हुआ है वहां किसी न किसी अधिकारी के द्वारा आदेश से हुआ होगा सीकर योग्य नहीं है कोई भी आदेश यदि हुआ है तो उसकी प्रति संलग्न की जानी चाहिए थी केवल संभावनाओं के आधार पर तर्क को सही नहीं माना जा सकता अतः अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तार को संलग्न दस्तावेजों एवं नजूल निरीक्षक डोंगरगढ़ के प्रतिवेदन से यहां स्पष्ट है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ के दंतेश्वरी पारा स्थित भूमि के संबंध में राजस्व अभिलेख में दर्ज प्रविष्टि त्रुटि पूर्ण है।

# कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत गंडई में कबड्डी प्रतियोगिता, मोहगांव बना विजेता



**चार थाना क्षेत्रों के युवाओं ने दिखाया दमखम, खेल के जरिए मजबूत हुआ पुलिस-जनसंवाद**

खैरागढ़ (दावा)। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (केसीजी) पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत एक दिवसीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव (आईपीएस) के निर्देशन में गंडई स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के खेल मैदान में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में वनांचल एवं ग्रामीण अंचलों से जुड़ी चार थाना टीमों—बकरकट्टा, मोहगांव, साल्हेवारा एवं गंडई के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बीच मोहगांव थाना क्षेत्र के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का प्रथम स्थान (विजेता खिताब) अपने नाम किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वनांचल व ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों एवं खेलों से जोड़ना है। खेल मैदान के जरिए युवाओं में अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना विकसित करने के साथ-साथ पुलिस और आम जनता के बीच आपसी समन्वय, संवाद और विश्वास को सुदृढ़ करना इस कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान की प्रमुख कड़ी है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने खेल मैदान को जीवंत बनाए रखा।

# तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में शतरंज एवं योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ 8 सितंबर को किया गया।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर दिवाकर स्वर्णकार प्रांतीय खेलकूद प्रमुख अविनाश ब्राह्मणकर सरस्वती शिक्षा समिति के सचिव, पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर राव गिरधर पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषादआदि छत्तीसगढ़ के आठ विभागों से राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा आदि से प्रतिभागी भैया बहन और निर्णायक और संरक्षक आचार्य दीदियों के सहित 180 लोग उपस्थित हुए।उक्त आयोजन में उपस्थित दिवाकर स्वर्णकार ने खेल वृत्त प्रस्तुत करते हुए खेलों के नियमावली की जानकारी प्रदान किया। ब्राह्मणकर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना से खेल खेलने की बात कहीं। प्रभाकर राव गिरधर ने खेल प्रतियोगिता उद्घाटन की घोषणा किये और उसी के साथ खेल कार्यक्रम आरंभ हुआ उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार लगे हुए है।

# यूसीसी की प्रक्रिया पर बौद्ध कल्याण समिति का कड़ा विरोध



**अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागड़े बोले-ड्राफ्ट सार्वजनिक कर पहले हो व्यापक जनसुनवाई**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में शासन द्वारा उच्च स्तरीय समिति गठित किए जाने के बीच बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव ने प्रक्रिया पर कड़ा विरोध जताया है। समिति ने कहा कि विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, भरण-पोषण और पारिवारिक कानूनों में बदलाव का प्रभाव प्रदेश के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक वर्गों पर पड़ सकता है। इसलिए व्यापक जनसंवाद के बिना प्रक्रिया आगे बढ़ाना उचित नहीं होगा। समिति अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागड़े ने कहा कि यूसीसी संविधान के अनुच्छेद 44 से जुड़ा विषय है, लेकिन इसके साथ समानता, स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के संवैधानिक सिद्धांतों का भी ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले प्रस्तावित यूसीसी का पूरा ड्राफ्ट सार्वजनिक करे, ताकि नागरिक और सामाजिक संगठन उसके प्रावधानों का अध्ययन कर आपत्तियां एवं सुझाव दे सकें। खोब्रागड़े ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रस्तावित यूसीसी में किन विषयों को शामिल किया जाएगा और मौजूदा कानूनों में क्या बदलाव होंगे। उन्होंने जिला और राज्य स्तर पर व्यापक जनसुनवाई आयोजित करने की मांग की।

### आदिवासी एवं पारंपरिक व्यवस्थाओं पर अध्ययन जरूरी

समिति ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को देखते हुए आदिवासी एवं पारंपरिक समुदायों की विवाह, परिवार, उत्तराधिकार और संपत्ति संबंधी व्यवस्थाओं पर यूसीसी के प्रभाव का विशेष अध्ययन होना चाहिए। खोब्रागड़े ने कहा कि सामाजिक वास्तविकताओं और संवैधानिक संरक्षणों को नजरअंदाज कर बनाया गया कानून अधूरा होगा। समिति ने महिलाओं के उत्तराधिकार, संपत्ति, भरण-पोषण, तलाक के बाद आर्थिक सुरक्षा और बच्चों की अभिरक्षा जैसे विषयों पर स्पष्ट प्रावधान की मांग की। साथ ही यूसीसी लागू होने के बाद पहले से हो चुके विवाह, लंबित तलाक, पुराने उत्तराधिकार विवाद और अर्जित संपत्ति से जुड़े मामलों के लिए संक्रमणकालीन व्यवस्था स्पष्ट करने की बात कही।

### जरूरत पड़ी तो लोकतांत्रिक आंदोलन

खोब्रागड़े ने स्पष्ट किया कि समिति का विरोध किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक जनभागीदारी के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि यदि यूसीसी के प्रावधान नागरिक अधिकारों या सामाजिक हितों के प्रतिकूल पाए गए तो समिति लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से विरोध करेगी। आवश्यकता पड़ने पर जनजागरूकता अभियान, शांतिपूर्ण आंदोलन और कानूनी विकल्पों का सहारा लिया जाएगा। समिति ने सरकार से यूसीसी जैसे व्यापक प्रभाव वाले विषय पर जल्दबाजी के बजाय व्यापक जनसंवाद, संवैधानिक समीक्षा और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने की अपील की।

# छुरिया के बूचाटोला में निकली नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली



राजनांदगांव (दावा)। नशा मुक्त भारत फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत विगत 2 अगस्त को छुरिया विकास खण्ड के ग्राम बुचाटोला में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार के नेतृत्व में शालेय बच्चों के माध्यम से विशाल नशा मुक्ति संदेश रैली का आयोजन किया गया।

इस संदेश रैली में बच्चों द्वारा नशा मुक्ति संबंधी स्लोगन नारे से लैस होकर ग्राम का भ्रमण किया। रैली में बच्चों के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ ग्रामीण प्रबुद्धजन शामिल हुए। समापन अवसर पर नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया। जिसमें शिक्षक बालक पालक स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभाग की ओर से कला पथक के प्रमुख कलाकार बीरसिंह साहू, तिहार सिंह ध्रुव, ईश्वर पटेल, सुमित साहू आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी समाज कल्याण के प्रमुख कलाकार बीरसिंह साहू ने दी।

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले शिक्षक-कर्मचारी सम्मानित

**छह दिन तक 600 खिलाड़ियों और 100 शिक्षकों की संभाली गई व्यवस्था**






डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2026 के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 600 छात्र-छात्राओं और 100 शिक्षकों सहित टीम मैनेजरों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था विद्यालय में छह दिनों तक की गई।

सम्मान समारोह में विद्यार्थियों ने प्राचार्य एस. सिंह और उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान मंच संचालन और बेहतर परिणाम के लिए पीजीटी हिंदी राम कुमार चंद्र को सम्मान मिला। वहीं दूसरे स्थान के परिणाम में योगदान के लिए सब महाराणा तथा सीबीएसई बोर्ड में विद्यालय के बेहतर प्रदर्शन में योगदान के लिए पीजीटी अर्थशास्त्र जानकी उइके को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले खेल शिक्षक अनिल कुमार पाल और उमा धुर्वे का भी सम्मान किया गया।

भोजनालय के सुपरवाइजर अवध मारन सहित कुक श्यामलाल हिरवान, सोनू, नितेश, दिलीप और बेल्सिया को सम्मानित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने वाले जितेंद्र घस्ले, सूर्यकांत और अशोक नाग सहित आउटसोर्सिंग कर्मचारियों रजिया, रुक्मणी, नीलू एवं अन्य कर्मचारियों को भी प्राचार्य एस. सिंह और उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने सम्मानित किया। उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के सभी वर्गों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। आयोजन के ओवरऑल इंचार्ज संजय कुमार मंडल रहे। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रतियोगिता नवोदय विद्यालय समिति क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर रीजन के उपायुक्त अभिजीत बेरा और सहायक आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य एस. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई। उप प्राचार्य ने दोनों अधिकारियों के मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया। विद्यालय प्रशासन ने प्रतियोगिता में सहभागिता निभाने वाले सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# परिवार संस्कार से ही सशक्त बनेगा समाज : मदन साहू



**केसीजी जिले में आयोजित हुआ परिवार संस्कार प्रशिक्षण शिविर, पूनम दीदी ने दिए मार्गदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा ‘समाज परिवार की ओर’ अभियान के तहत खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (केसीजी) जिले में एक दिवसीय परिवार संस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज को संगठित, संस्कारित और सशक्त बनाने के लिए सामाजिक नियमावली, पारिवारिक मूल्यों और वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर गहन मंथन हुआ।

शिविर के मुख्य वक्ता एवं प्रदेश साहू संघ के कार्यकारिणी सदस्य मदन साहू ने कहा कि परिवार समाज की पहली पाठशाला है। यदि परिवार में संस्कार, अनुशासन, बुजुर्गों का सम्मान और आपसी संवाद का वातावरण रहेगा, तो समाज अपने आप सशक्त और संगठित बनेगा। वर्तमान समय में परिवारों के भीतर घटते संवाद और वैचारिक तालमेल की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को जोड़ना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

प्रशिक्षण सत्र में रायपुर से पहुंचीं पूनम दीदी ने दो घंटे तक समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। उन्होंने पारिवारिक एकता, बच्चों में संस्कारों के बीजारोपण, बुजुर्गों के सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू के नेतृत्व में संचालित इस अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए बताया गया कि जिला स्तर के बाद अब यह प्रशिक्षण तहसील, परिक्षेत्र और फिर गांव-गांव तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षित पदाधिकारी ग्रामीण स्तर पर युवाओं और महिलाओं के साथ संवाद कर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने तथा रीति-रिवाजों और परंपराओं के संरक्षण के लिए जागरूक करेंगे। कार्यशाला में विवाह और सामाजिक निर्णयों में पारिवारिक भूमिका मजबूत करने, आधुनिकता के दौर में विकृतियों पर रोक लगाने और सामूहिक प्रयासों से एक स्वस्थ व संस्कारित समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com